e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 110
रविवार
23.04.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 08 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

खुशी तब मिलेगी जब आप जो सोचते है, जो कहते है, जो करते है, जो करते है, वह सामंजस्य में हो।


असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 38°
न्युनतम 23°

## क्विक न्यूज

### चतरा : हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार



**चतरा :** चतरा जिले की पिपरवार थाना पुलिस ने हथियार के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक नाइन एमएम का पिस्टल, चार गोली, दो मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद किया है। एसडीपीओ टंडवा शंभू कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पतरातु से पिपरवार की ओर बाइक से बदमाश हथियार के साथ जा रहे हैं। सूचना के बाद टीम का गठन कर होसिर बस्ती जंगल के पास वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा गया। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे। इसके बाद टीम ने पीछा करके दोनों पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों की निशानदेही पर एक अन्य बदमाश को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम अविनाश कुमार, रितिक कुमार और प्रेम कुमार सिंह है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों चोरी और छिनतई केस में पहले भी जेल जा चुके हैं।

### देवघर में चौकीदार की गोली मारकर हत्या

**देवघर :** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान 52 वर्षीय चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में की गई है। मृतक के सिर पर गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट से एक व्यक्ति का शव मिला। शव की हालत को देखने से लगता है कि उसकी हत्या की गई है। आसपास सूखा खून पड़ा था तथा उसके सिर में गोली लगी है। सुबह लोग शौच करने आए तो शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। इससे उसकी पहचान जसीडीह थाना में कार्यरत चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में हुई। मिर्धा को बालू घाट से अवैध बालू उठाव की रोकथाम के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल के पास से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोरोना के 12,193 नए मरीज, 32 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 12,193 नए मरीज सामने आए हैं। इस अवधि में कोरोना वायरस से संक्रमित 32 मरीजों की मौत हो गई। वहीं 10,765 मरीज स्वस्थ हुए। अबतक कोरोना वायरस से संक्रमित 4,42,83,021 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं और रिकवरी रेट 98.66 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के शनिवार को जारी आंकड़े के अनुसार फिलहाल देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 67,556 हो गई है, जबकि दैनिक संक्रमण दर 6.17 प्रतिशत है। टीकाकरण की बात करें तो पिछले 24 घंटे में 5,602 खुराक दी गई हैं।

## ईद के मौके पर अमन, शांति व उन्नति के लिए की गई दुआ

# धूमधाम से मनी ईद

**ईदगाह में अदा की गई ईद की नमाज, गले मिलकर एक दूसरे को दी मुबारकबाद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना का समापन ईद के चांद नजर आने के बाद हो गया। इसी खुशी में शनिवार को ईद की नमाज अदा की गई। रांची शहर में और इसके आसपास के क्षेत्रों में पूरे हर्षोल्लास के साथ ईद मनाया गया।

सभी ईदगाहों एवं मस्जिदों में सुबह से ही लोग नमाज पढ़ने के लिए अपने बच्चे,अपने भाइयों व दोस्तों के साथ निकल पड़े। सभी लोग नए कपड़े पहन रखे थे।

आंखों में सुरमा, सिर पे टोपी और खुशबूदार इत्र लगाकर मस्जिद की ओर रुख किया। सभी ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक अलग-अलग समय में नमाज अदा की गई। वहीं नमाज के बाद राज्य की खुशहाली, उन्नति,भाईचारे और एकता के लिए दुआ मांगी गई। इसके बाद सभी मुसलमान एक दूसरे को गले लगाया। मुसाफा किया,सलाम किया और ईद की मुबारकबाद दी।

### राज्यपाल और सीएम ने दी बधाई

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची सहित समस्त झारखंड वासियों को ईद-उल-फित्रि की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि यह त्यौहार हर्षोल्लास, शांति, एकता और आपसी भाईचारा का संदेश देता है। यह त्यौहार सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली लाए, यह दुआ करता हूं। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि शांति, एकता, हर्ष, उल्लास व उत्साह का यह त्यौहार है, सभी के जीवन में यह त्यौहार सुख -समृद्धि और खुशहाली लाए, यही दुआ करता हूं।

### राज्य भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

ईद के मद्देनजर रांची समेत राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रांची में दो हजार अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही जिला बल और रैफ कंपनी को भी सभी जगहों पर लगाई गई थी। इसके अलावे सभी जिलों में एक सौ से अधिक मस्जिस्ट्रेट की तैनाती सुरक्षा को लेकर की गई थी। इलाकों में हर गतिविधियों पर सीसीटीवी से कड़ी नजर रखी जा रही थी। थानों में क्यूआरटी रिजर्व रखे गए। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने पीसीआर, बाइक दस्ता, टाईगर पुलिस और बीट पुलिस से लगातार संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए। शहर के गली मुहल्लों में बाइक दस्ता गश्त किया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम से निगरानी रखी गई।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट



**एजेंसी**

**उत्तरकाशी।** विश्व प्रसिद्ध चारधामों में से गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट शनिवार को अक्षय तृतीया पर मंत्रोच्चारण के साथ खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत देश विदेश से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन किए। यमुनोत्री धाम के भी कपाट खुले। इसके साथ ही यहां अगले छह महीने तक देश-विदेश के श्रद्धालु मां गंगा और यमुना के दर्शन कर सकेंगे।

इधर गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि विधि-विधान के साथ गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम पाठ और विशेष पूजा अर्चना के बाद सर्वार्थ अमृत सिद्ध योग पर 12ः35 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साक्षी बने। सुबह उन्होंने यमुनोत्री धाम रवाना होने से पहले खरसाली में मां यमुना की डोली को विदा किया और इसके पश्चात गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन की प्रक्रिया में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की हर सुख सुविधाओं का ध्यान सरकार ने रखा है। राज्य के लिए चारधाम यात्रा किसी उत्सव से कम नहीं है।

उधर यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने बताया कि यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से ठीक 12ः41 पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, विधायक संजय डोभाल, पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल, ने पूजा अर्चना कर मां यमुना की डोली को यमुनोत्री धाम के लिए रवाना किया।

गंगोत्री -यमुनोत्री तीर्थ धाम में कपाट उद्घाटन के मौके पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। गंगोत्री में इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी के अलावा विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण, मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल, सहित आयुक्त गढ़वाल सुशील कुमार, डीएम अभिषेक रुहेला, पुलिस अधीक्षक यदुवंशी अर्पण , भटवारी ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत, जगमोहन सिंह रावत सहित हजारों श्रद्धा मौजूद थे।


**इधर गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि विधि-विधान के साथ गंगा पूजन, गंगा सहस्त्रनाम पाठ और विशेष पूजा अर्चना के बाद सर्वार्थ अमृत सिद्ध योग पर 12ः35 पर गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साक्षी बने। सुबह उन्होंने यमुनोत्री धाम रवाना होने से पहले खरसाली में मां यमुना की डोली को विदा किया**

## पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी महिला नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**बालाघाटः** मध्य प्रदेश का बालाघाट जिला दशकों से नक्सली समस्या से जूझ रहा है। बालाघाट पुलिस को पिछले साल छह कुख्यात नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली थी। ताजा सफलता शनिवार तड़के करीब तीन बजे मिली। इस बार बालाघाट पुलिस ने दलम में एरिया कमांडर और गार्ड रहीं दो कुख्यात महिला नक्सलियों को मार गिराया है। दोनों पर 14-14 लाख रुपये का इनाम घोषित था। मौके पर मौजूद बालाघाट के पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इसकी पुष्टि की है।पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के मुताबिक यह मुठभेड़ गड़ी थाना अंतर्गत कदला के जंगल में हॉकफोर्स और नक्सलियों के बीच हुई । मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया।



**संक्षिप्त खबरें**

### हर्षोल्लास के साथ गले मिलकर मनाया ईद का त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखंड में हर्षउल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फ़ित्र का त्योहार सभी मस्जिदों में तय समय पर पढ़ाई गई ईद की नमाज वही छतरपुर खाटीन जामा मस्जिद के एमाम मौलाना जुनैद मिस्बाही ने कहा कि रमजान के पहली रोज़ा से 30 दिनों तक रखा जाता है उसके बाद चाँद देखने के सुबह में ईद -उल-फ़ित्र की नमाज़ अदा की जाती है नमाज के संमाप्ति के बाद अपने मुल्क के तरक्की, भाईचारगी, विकास के लिए अल्लाह से दुआ की गई फिर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी गई और महल्ले में एक दूसरे के घर घूम-घूम कर खबू सेंवैंया खाया।

# पलामू पुलिस ने जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार रामगढ़ थाना की पुलिस ने जेजेएमपी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार नक्सली सुमंत मोची पर रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गाँव मे कृष्णा मोची के घर मे घुसकर लेवि मांगने और मारपीट करने आरोप है। गुप्त सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर तुलसीदास मुंडा और रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई कर नक्सली सुमंत मोची को गिरफ्तार किया गया।आपको बता दे कि 28 जुलाई 20121 में नक्सली सुमंत मोची के द्वारा कृष्णा मोची के साथ लेवि मामले के बाद संगठन के सभी सदस्य कोकाडू के जंगल मे रात गुजार रहे थे तभी सुबह 4 बजे गोलियां चलने लगी और उसी दौरान सभी नक्सली इधर उधर भागने लगे और नक्सली सुमंत मोची को पैर में गोली और वह घायल हो गया उसके बाद नक्सली सुमंत मोची को दस्ता से निकाल दिया गया । जिसके बाद गुप्त सूचना पर 21 अप्रैल को पुलिस ने लातेहार जिले के मनिका थाना के सहयोग से नक्सली सुमंत मोची को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# हर्षोल्लास से मनी ईद, गले मिलकर दी गई मुबारकबाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्योहार ईद शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरगंज के अररुआ खुर्द जामा मस्जिद, अंसारी बिगहा, बंजारी, सतगावां, बेलौदर आदि जगहों पर मस्जिदों में ईद उल फितर का नमाज अदा कर मुस्लिम भाईयों ने अमन, चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। इस दौरान एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके साथ ही ईद के त्योहार पर लोगों ने भाईचारे के साथ रहने का पैगाम दिया। वहीं ईद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में मनाने और विधि व्यवस्था को लेकर विभिन्न मस्जिदों, ईदगाहों और चौक चौराहों पर पुलिस प्रशासन प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों के साथ मुस्तैद रही।

### हर्षोल्लास व आपसी भाईचारे के साथ मनाई गई ईद



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलाबार, नावाडीह एवं केतार के ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज आज सुबह 9 बजे के करीब अदा की गई। इस दौरान मुस्लिम धर्मावलंबियों ने आपसी सौहार्द भाई चारे के साथ गले लग कर ईद की मुबारकबाद पेश किया। साथ ही बेलाबार व नावाडीह गांव के मस्जिद के इमाम मौलाना नसीम अहमद साहब ने सभी कॉम के भाइयों के साथ आपसी एखलाक व मोहब्बत और अमन चैन के साथ अपने मुल्क में जिंदगी गुजारने के लिए अल्लाह से सामूहिक दुआएं की गई। तत्पश्चात ईद उल फितर की नमाज अदा होने पर ईद मिलन के लिए झामुमो के वरिष्ठ नेता अजय वर्मा, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार, सहित अंजुमन सदर शमीम अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, जसीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अजीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अक्षय तृतीया पर बाजारटांड़ शनिदेव मंदिर में भंडारा का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बाजारटांड़ स्थित शनिदेव मंदिर में अक्षय तृतीया के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया।लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म का लाभ उठाया इससे पहले मंदिर के पुजारी मनोज दास शर्मा के सानिध्य में पूजा-अर्चना की गयी और भोग लगाया गया.मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुरली प्रसाद अग्रवाल, अभिनंदन प्रसाद, चैंबर ऑफ कामर्स के निर्दोष कुमार,जीतू दास व टींकू प्रसाद आदि उपिस्थत थे। पुजारी मनोज दास शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।परशुराम को भगवान विष्णु के अवतारों में से एक के रूप में जाना जाता है. इस दिन लोग भगवान विष्णु, देवी लक्ष्मी या भगवान गणेश की पूजा करते हैं.अक्षय तृतीया के दिन कोई भी अच्छा काम शुरू किया जा सकता है. इस दिन नया बिजनेस शुरू करना, घर और गहने खरीदना आदि शुभ माना जाता है. सिंदूर दान करना भी उत्तम माना जाता है. सिंदूर के साथ सुहागिन महिलाओं को सुहाग की अन्य सामग्रियां दान की जाती है। इससे दांपत्य जीवन में शुक्र की कृपा प्राप्त होती है और घर में खुशहाली आती है।

# दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देता है ईद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** ईद दीन दुखियों की मदद करने का पैगाम देता है। उक्त बातें मुखिया पति भरदुल कुमार सिंह ने कही ।वे शनिवार को पोलपोल व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल फितर के अवसर पर एक दूसरे से मिल ईद की मुबारकबाद दी। वही पोलपोल व आसपास के क्षेत्र में ईद का त्योहार हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया ।नए परिधानों में सज धज कर अकीदत मन मदरसा में ईद की नमाज अदा की। नमाजियों ने कहा कि उन्होंने अल्लाह से देश और समाज में सुख शांति समृद्धि और भाईचारा को बनाए रखने की दुआ मांगी। इसके बाद एक दूसरे से गले मिल मुबारकबाद दी। इस मौके पर मुखिया पति भरदुल सिंह ने कहा कि ईद आपसी एकता का पैगाम देता है। हमारे यहां की गंगा जमुनी संस्कृति है। हिंदू ,मुस्लिम, सिख ईसाई हम सभी लोग मिलकर एक दूसरे धर्म का आदर करते हैं ।और पूरे उल्लास के साथ त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने कहा कि ईद का संदेश समतामूलक मानव समाज की रचना है। यही कारण है कि हाशिए पर खड़े दरिद्र और दीन दुखियों गरीब अचार लोगों के दुख दर्द को समझे और अपनी कोशिशों से उनके चेहरों पर मुस्कान लाए तभी हमें ईद की वास्तविक खुशियां मिलेगी। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। और क्षेत्र में अमन चैन की कामना की ।इस मौके पर दिनेश सिंह, संजीव पाल, पंकज पाल, अब्दुल अजीज अंसारी, हैदर अली, मोहम्मद मतीन, इम्तियाज अंसारी, अख्तर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, आफताब अंसारी, मुस्ताक अंसारी, महेश प्रसाद समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद और आसपास के क्षेत्रों मे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद मे ईद उल फित्र का पर्व अकीदत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुख्य ईदगाह व मस्जिदों मे ईद उल की नमाज अदा की। नमाज अदयगी को लेकर सुबह से ही ईदगाह और क्षेत्र के कई मस्जिदों मे नमाजियों की भीड़ जमा होने लगी थी। इस दौरान जपला हैदरनगर रोड स्थित दाता नगर के मुख्य ईदगाह में ईद मुबारक के नमाज को हाफिज उमैर साहब ने पढ़ाई, हुसैनाबाद के जामा मस्जिद राजटोली तालाब पर, इस्लाम गंज इमामून मस्जिद, नूरी मस्जिद चिकटोली, के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के देवरी कला मस्जिद, सुखन बीघा मस्जिद, बुधुआ, दंगवार, लौटानीय, उपरी,



बहोरन बीघा, हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदंड के लोहबंधा समेत कई मस्जिदों मे लोगों ने नमाज अदा की, नमाज के बाद लोगों ने देश मे अमन शांति की दुआ मांगी, नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल फितर का त्यौहार रमजान महीने के आखिरी दिन मनाया जाता है ईद उल फितर मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है इस्लामिक कैलेंडर के दसवें महीने वाल पहले दिन ईद मनाया जाता है इसमें धर्मार्थ कार्य किए जाते हैं इसमें गरीबों को खाना खिलाया जाता है और दान देना भी शामिल है इस दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं और एक दूसरे को गले मिलते हैं ईद के त्यौहार के साथ ही रोजे और इबादत का महीना समाप्त हो जाता है और ईद को भाईचारे का त्योहार भी कहा जाता है इस दिन लोग नमाज अता करने के बाद देश की सुख शांति समृद्धि के लिए दुआएं मांगते हैं और एक दूसरे से गले मिलते है ईद की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद थी।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई नमाज-ए- ईद-उल-फितर



**उंटारी रोड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के डेवडर बिंदुआ में ईद-उल- फ़ितर की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी, यहाँ सेकडों लोग सुबह से ही मस्जिद में पहुंचने लगे, यहां हाफिज आलमगीर आलम ने नमाज पढाई, नमाज के बाद लोगों ने मुल्क के अमन व चैन की दुआ माँगी, हाफिज आलमगीर ने कहा की ईद आपसी प्रेम व भाईचारे का त्योहार है ईद हमें इस बात की तालीम देता है की गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करें, और अपने रब की खातिर इबादत करें। वहीं उपस्थित उंटारी रोड प्राखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह व थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो का लोगों ने फूल माला के साथ गर्म जोशी से स्वागत किया, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने बड़े बुजुर्गों और बच्चों से मिलकर ईद की बधाई दिया और लोगों से कहा की आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ ईद मनाएं पुलिस प्रशासन आपके साथ है।

# सोनार दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड स्तिथ संतोष सोनी के सुनार दुकान में आग लग गयी जिससे लाखो का समान जलकर राख हो गया । घटना के संबंध में दुकान संचालक संतोष सोनी ने बताया कि अन्य दिनों की तरह वह शुक्रवार को दुकान बंद कर अपने घर चला गया हुआ था ।जहां शनिवार की अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे दुकान में आग लग गई। आग लगा देख आसपास के रहने वाले लोगों ने इसकी सूचना संतोष को दी। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर किसी तरह काबू पाया गया। घटना में दुकान में रखा चौकी, गद्दा, इनवर्टर, सोने और चांदी से बने कई सामान सहित दुकान में रखे हुए नगद रुपये भी जलकर खाक हो गया ।हालांकि आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। वही दुकान संचालक में इसकी सूचना बालूमाथ थाना पुलिस को दे दी है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

# महुआडांड़ प्रखंड के सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने अदा की ईद की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ स्थित जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम, अम्वाटोली स्थित मस्जिद ए गौसिया, मदीना मस्जिद समेत अन्य गांव की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा ईद की नमाज अदा की गई। जामिया नूरिया जियाउल इस्लाम में मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर साहब के द्वारा 8ः30 मदीना मस्जिद में इमाम हाफिज खालिद साहब के द्वारा 8ः30 बजे एवं मस्जिदे गौसिया में इमाम मौलाना गुलाम सरवर फैजी के द्वारा 8ः15 ईद की नमाज अदा कराई गई।ईद के नमाज की तैयारी को लेकर लोग सुबह से ही मस्जिदों में आना शुरू हो गए वक्त होते-होते मस्जिद पूरी तरह से नमाजियों से भर गई और वक्ते मुकर्ररा पर इमाम के पीछे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जामा मस्जिद मदीना मस्जिद गौसिया मस्जिद के इमाम के द्वारा ईद उल फितर को लेकर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। ईद क्यों और कैसे मनाई जाती है ईद में हमें क्या-क्या



करना चाहिए इसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई। वही जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा बताया गया कि यह ईद इनाम के तौर पर दिया गया है। जब मोमिन सभी रोजा पूरा कर लेता है तो अंतिम दिन ईद मनाई जाती है। आगे उन्होंने बताया कि इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे छोड़कर आपस में मेलजोल भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दें। किसी तरह से भी किसी के लिए दिल में किना हसद ना रखें। ईद के नमाज से पूर्व जितने भी लोग हैं उन्हें सदकाए फितर अदा करना वाजिब है। सभी लोग नमाज से पहले पहले तक सदका ए फितर अदा कर देते हैं। जो जकात की ताकत रखते हैं वह सभी भी ईद से पहले पहले अपनी जकात भी अदा कर देते हैं। नमाज के बाद मुफ्ती शब्बर साहब के द्वारा दुआएं की गई उन्होंने दीन दुनिया आखिरत के लिए दुआएं की। उनके द्वारा राज्य देश व दुनिया में अमन व शांति के लिए दुआएं की गई। जिसके बाद सलातो सलाम पढ़ी गई। और इन लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज अदा करने को लेकर हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।ईद को लेकर खास तौर में बच्चों में काफी उत्साह देखी गई बच्चे सुबह से ही नहा धोकर नए परिधानों में सज धज कर नजर आए। बच्चे भी आपस में गले लगाकर एक दूसरे को मुबारकबाद दिए। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही।

## अकीदत के साथ शांति व उल्लासपूर्ण महौल में संपन्न हुहा ईद का त्योहार



**विश्रामपुर, (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र में ईद का त्योहार पूरी अकीदत के साथ शांति व उल्लासपूर्ण महौल में मनाया गया। निर्धारित समय पर मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज के लिए इस्लाम धर्मावलंबियों की भारी भीड़ उमड़ी। ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज़ अदा की साथ हीं देश में अमन चैन, शांति व भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज व जकात के बाद उत्साह से लबरेज लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां अन्य समुदाय के लोग भी शामिल हुए। ईद को लेकर सुबह से ही इस्लाम धर्मावलंबियों में खासा उत्साह था। बच्चों व युवकों का उमंग व उत्साह देखते बन रहा था। हालांकि यह उत्साह शुक्रवार की शाम चांद दिखने के बाद से ही परवान चढ़ने लगा था। शनिवार की सुबह खुशी व उमंग से लबरेज लोगों ने स्नान के बाद नये कपड़े पहनकर, सुरमा व टोपी लगाने के बाद मस्जिद की ओर रूख किया। जहां पहुंचकर ईद की नमाज पढ़ी गई। मस्जिद से निकलने के बाद लोग एक दूसरे के घर गए व सेवईयों के साथ-साथ अन्य पारंपरिक पकवानों का आनंद उठाया। देर शाम तक महिला पुरूष व बच्चों का जत्था एक दूसरे के घर आते-जाते व ईद की बधाइयां देते दिखे। विश्रामपुर नगर परिषद समेत प्रखंड क्षेत्र के विश्रामपुर नगर परिषद व प्रखंड क्षेत्र के कोसियार, इस्लामपुर, डिहरिया, उरसुला, झगरूवा, विश्रामपुर, पांडेयपुर, निमिटाड़ी, कविलासी, भलुआनी, डंडिला, निमियां आदि कई मस्जिदों में भी नमाज अदा किया गया। इधर बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलु सिंह प्रखंड क्षेत्र के मुस्लिम बहुल कोसियार, इस्लामपुर, डिहरिया, उरसुला, झगरूवा, विश्रामपुर, पांडेयपुर, निमिटाड़ी, कविलासी, भलुआनी, डंडिला, निमियां आदि गांव पहुंचे। जहां धर्मावलंबियों के साथ गले मिलकर ईद पर्व की बधाई दी साथ हीं सेवइयां खाई। मौके पर राजद नेता नैमुद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य सलीमुद्दीन अंसारी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, उस्मान अंसारी, नासिर अंसारी सहित कई लोगो ने ईद पर्व की बधाइयां दिया।

## जय श्री परशुराम के जयकारा से गुंज उठा शहर

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जय श्री परशुराम, जय श्री परशुराम के नारे से गुंज उठा शहर। मौका था भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का। शनिवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा की खुबसुरती देखते बन रही थी।काफी संख्या में निकले युवा वाहिनी के सदस्य भगवान परशुराम के भक्ति गीतों पर झुमते नजर आए।भगवान परशुराम के जयकारे के साथ शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था झुमते नजर आ रहे थे।शोभायात्रा में सबसे आगे उंट चल रहा था जिसके बाद बुलेट पर सवार लड़कियों का राइडर्स ग्रुप मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। इसके पश्चात ब्राह्मण परिवार शंखनाद करते हुए शंख बजाते हुए चल रहे थे इसके बाद क्रमबद्ध तरिके से भगवान परशुराम,बजरंग बली,श्री राम दरबार व महादेव शिव भगवान की



जीवंत झांकी चल रही थी वहीं डीजे बजाने के लिए पहल करने वाली युवा वाहिनी के शोभायात्रा में मधुरमय भक्ति जागरण का जीवंत प्रसारण किया जा रहा था।युवा वाहिनी के स्थानीय रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से निकली शोभायात्रा रेड़मा चंद्रशेखर आजाद चौक होते हुए डा राजेन्द्र प्रसाद चौक पहूँची जहाँ से सुभाष चंद्र बोस चौक होते हुए बेलवाटीका के रास्ते से दो नंबर टाउन होते हुए रेड़मा युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय पर पहुँच कर समाप्त हूई। शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न संस्थाओं के द्वारा पुष्प वर्षा व जलपान की समूचित व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा में युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक अर्जुन पांडेय, नीलू मिश्रा, छोटन उपाध्याय, अमीत उपाध्याय, आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, शोभायात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी,संजय मिश्रा,बिजू बाबा, राकेश पांडेय, सोनू मिश्रा, फोटू दूबे, रवि ओझा, चंदन तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, लल्लू पांडेय, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, प्रवीण मिश्रा, सेठ चौबे, रोहित तिवारी, कृष्ण कांत चौबे सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।

## बरवाडीह भाकपा माले कमेटी ने मनाया पार्टी का 54 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत 22 अप्रैल को भाकपा माले का स्थापना दिवस बरवाडीह प्रखंड के भाकपा माले कमेटी ने मनाई। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस अवसर पर आइसा के जिला प्रभारी रंजीत सिंह ने कहा कि हम छात्र नौजवान को संकल्प लेना होगा कि जनविरोधी छात्र विरोधी मोदी सरकार को हर हाल में उखाड़ फेंकना होगा, साक्षी है कि जब-जब छात्र नौजवान आगे बढ़ा है लड़ा है तब तब परिवर्तन हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण हैं 1977 का जे पी आंदोलन और 1969 का नक्सलबाड़ी आंदोलन है। इसलिए समय की पुकार है कि हमें फिर से जान की बाजी लगा कर लड़ना होगा और मोदी राज का खात्मा करना होगा। वहीं माले जिला सचिव कॉ बिरजू राम ने कहा कि आज 54 वा पार्टी स्थापना दिवस मना रहे हैं। पार्टी का जन्म उस समय हुआ जब पूरा देश इंदिरा निरंकुशता के आग में जल रहा था। चारों तरफ किसान मजदूरों पर दमन जारी था। किसान मजदूर त्राहिमाम थे वैसे दौर में बंगाल की धरती पर नक्सलबाड़ी




आंदोलन हुआ। जहां किसान मजदूर के हित में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान दी और कॉ चारु मजूमदार के नेतृत्व में नक्सलबाड़ी आंदोलन हुआ और 22 अप्रैल 1969 को पार्टी का स्थापना हुआ चारू मजूमदार पार्टी के पहला महासचिव बने पार्टी पिछले 54 साल में कई उतार-चढ़ाव के दौर से गुजरा पार्टी के दो महासचिव कॉ चारू मजूमदार और कॉ जौहर सहित सैकड़ों साथियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर पार्टी को बढ़ाने का काम किया। आज भाकपा माले पूरे देश में त्याग, बलिदान और संघर्ष के रूप में जाना जाता है आज हमें स्थापना दिवस में जनविरोधी, पूंजीप्रस्त, लोकतंत्र विरोधी ,संविधान विरोधी ,फासीवादी,मनुवादी मोदी राज को खात्मा करना ही हमारा संकल्प है। हमे लोकतंत्र बचाओ,संविधान बचाओ, शहीदों के सपनो का भारत बनाओ नारा को बुलंद करते हुए ग्राम कमिटी, पार्टी ब्रांच को गांव - गांव में ठीक करना होगा। पार्टी संगठन को बड़े दायरे में मजबूत करना होगा। पार्टी के 11 वे महाधिवेशन में लिए गए संकल्प को गांव में पहुंचाते हुए विपक्षी एकता को मजबूत करना होगा। सभा की अध्यक्षता श्रवण कुमार सिंह ने किया। इसके पूर्व हर जगह पार्टी का झंडोतोलन कर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद संजय सेठ ने सांस्कृतिक महोत्सव के लिए राज्यपाल को किया आमंत्रित



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को रांची के सांसद संजय सेठ ने राजभवन में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने पांच से सात मई को रांची में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के लिए राज्यपाल को आमंत्रित किया।इस अवसर पर पद्मश्री मुकुन्द नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, एस.डी. सिंह सहित आयोजन समिति से जुड़े विभिन्न सदस्य और युवा रंगकर्मी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय मलखंब प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रांची :** जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय रांची जिला बालक बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन आज बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय , धुर्वा, रांची के प्रांगण में समाजसेवी सह राजद नेता झारखंड प्रदेश खटाल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ,वार्ड 37 के भावी प्रत्याशी राहुल यादव , समाजसेवी विधा भूषण यादव एवं शंकर यादव ने संयुक्त रूप से हनुमान जी का पूजा एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जबकि आगंतुकों का स्वागत एवं मंच संचालन रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने किया। प्रतियोगिता का संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया ।अंत में धन्यवाद ज्ञापन जिला संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुश्री सौम्या सेजल वर्मा ने किया। पूरे प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, सरिता कुमारी, कौशल कुमार एवं रिया कुमारी ने अहम भूमिका निभाई।

# सरकार में दम है तो गिरफ्तार करके दिखाये : दीपक प्रकाश

**सचिवालय घेराव मामले में धुर्वा थाने में भाजपा नेताओं से हुई पूछताछ**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा के 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव कार्यक्रम के दौरान हुए उपद्रव को लेकर धुर्वा थाना में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश सहित अन्य नेताओं से शनिवार को लगभग आधे घंटे तक पूछताछ हुई। पुलिस ने थाना के बंद कमरे में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, कांके विधायक समरी लाल और प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाईक से पूछताछ की। पूछताछ के बाद थाना से बाहर निकलकर दीपक प्रकाश ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा ने शांतिपूर्ण तरीके से सचिवालय का घेराव किया था, लेकिन हेमंत सरकार के इशारे पर शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने के लिए कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया और आंसू गैस के गोले छोड़े गये। इसके बाद भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि पुलिस ने नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। भाजपा कानून का सम्मान करती है, इसलिए हम सभी ने आकर पुलिस की जांच और पूछताछ में सहयोग किया। सरकार हम पर एक नहीं सैकड़ों मुकदमे दर्ज कर ले, लेकिन हम टूटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम तो गिरफ्तारी देने आये थे। अगर सरकार में दम है तो हम लोगों को गिरफ्तार करके दिखाये। दमनकारी, हिटलरशाही वाली राज्य सरकार को अगले चुनाव में जनता बैलेट के जरिये जवाब देगी। मौके पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पॉलिटिकल करियर में पहली बार थाना में इस तरह बैठाकर पूछताछ हुई है। सिंह ने कहा कि मैं भी वकील हूं। कानून की जानकारी मुझे भी है। दूसरी ओर सूत्रों ने बताया कि धुर्वा थाना प्रभारी विमल नंदन सिन्हा ने भाजपा के नेताओं से पांच सवाल पूछे। उनसे पूछा गया कि प्रभात तारा मैदान में भाजपा की रैली की परमिशन ली गई थी या नहीं। मंच से उस दिन प्राथमिक अभियुक्त के द्वारा भाषण दिया गया था? तीसरा सवाल था कि यह जानते हुए भी कि धारा 144 लागू है इसके बाद भी कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग को हटाने एवं सचिवालय घेरने के लिए उत्तेजित किया गया। लाउडस्पीकर से 144 लागू होने की बार-बार सूचना देने पर भी आप लोगों द्वारा इसका उल्लंघन किया गया। बैरिकेडिंग हटाने के लिए भीड़ को आप लोगों की तरफ से उकसाने का प्रयास किया गया। इस पर आप क्या जवाब देना चाहते हैं। इन सभी सवालों के जवाब नेताओं ने दर्ज करवा दिए हैं।

# रांची में मौसम का मिजाज बदला बारिश ने गर्मी से लोगों को दी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार सुबह से रिमझिम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम काफी सुहावना हो गया है। तापमान में भी कुछ डिग्री की गिरावट हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बोकारो, रामगढ़ और रांची के कुछ भागों में अगले कुछ घंटों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। साथ ही इन जिलों में कुछ जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अंदेशा है। मौसम के बदले मिजाज के देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। वज्रपात के समय में पेड़ के नीचे और बिजली के पोल से दूर रहने की सलाह लोगों को दी गई है। किसानों से फिलहाल खेतों में नहीं जाने का आग्रह किया गया है। इसके अलावा गढ़वा, लातेहार, पलामू, चतरा, धनबाद, गुमला, हजारीबाग, लोहरदगा, गिरिडीह, जामताड़ा, खूंटी और सिमडेगा जिला के लिए भी चेतावनी जारी की गई है। यहां भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। साथ ही इन जिलों में कुछ जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी अंदेशा है।

रांची के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आंनद ने शनिवार को बताया कि 25 अप्रैल तक मौसम सुहाना रहेगा। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। 26 अप्रैल से मौसम साफ होगा। फिर से तापमान बढ़ेगा और गर्मी पड़ेगी।

# अफीम और डोडा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची की तुपुदाना ओपी पुलिस ने अफीम और डोडा (नशीला पदार्थ) के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम राजेश नाग, एतवा मिर्धा और महबूब आलम है। राजेश नाग के पास से 492 ग्राम अफीम और एक स्कूटी, एतवा और महबूब के पास से 594.55 किलो डोडा, दो मोबाइल और एक वैन जब्त की गई है। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम और डोडा का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के बाद छापेमारी कर दसमाइल चौक से अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद छापेमारी के क्रम में रिंग रोड से दो तस्करों को डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# भव्य रूप से मनाया गया भगवान परशुराम की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत राजीव रंजन मिश्रा के द्वारा दिप प्रज्वलित कर की गई , तत्पश्चात भगवान परशुराम जी एवं फरसा की पूजा अर्चना कर आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ।कार्यक्रम में आए अतिथियों को फरसा एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में मुख्यरूप से ललित ओझा , गोपाल पारीक , रजनीश पांडेय एवं नवनीत पांडेय उपस्थित थे। पूजा-अर्चना आचार्य श्री संतोष पाठक एवं श्री बलराम मिश्रा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के दौरान ब्राम्हण समाज के



कैलाश पारीक के द्वारा राजीव रंजन मिश्रा को फरसा देकर सम्मानित किया गया । मिश्रा ने केंद्रीय सरकार से आग्रह किया कि परशुराम जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। मिश्रा ने सभी झारखंडवासियों को परशुराम जयंती की बधाई ।कार्यक्रम में पिंटू एवरी , नवनीत तिवारी धनंजय पाठक , लवली पाठक , रणधीर सिंह , विनोद कुमार चौधरी , राजेश कुमार बबलू , राजेश मिश्रा , अभिषेक पाठक , वेणु गोपाल , रविन्द्र मोहन मिश्रा सहित दर्जनों ब्राम्हण समाज के लोग जन्मोत्सव में शामिल हुए।

# आरसेटी में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जामा दुमका में धूमधाम से पृथ्वी दिवस मनाया गया।धरती बचाओ जीवन बचाओ के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को साफ और प्रदूषण रहित बनाने का संकल्प लिया गया । इस दौरान सभी प्रतिभागियो ने पॉलिथिन का प्रयोग कम करने के लिए घरों में कागज या जूट के थैले इस्तेमाल करने की करने की शपथ ली।इस कार्यक्रम के तहत् आरसेटी के निदेशक अनिल कुमार मिश्रा ने आरसेटी में प्रशिक्षण




ले रहे प्रतिभागी के साथ मिलकर संस्थान के परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार तथा फलदार वृक्ष लगाएं। हर साल 22अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता हैं।इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा, अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार,संजय सोरेन, सुनीता सोरेन एवं अन्य उपस्थित थे।

**राजधानी रांची ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते लोग ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी छाया: नसीम**



# सीएम ने राज्यवासियों को भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की दी शुभकामनाएं

**उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहे, यही ईश्वर से कामना करता हूं।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि न्याय ज्ञान शक्ति और साहस के प्रतीक भगवान परशुराम की कृपा सभी पर बनी रहे। वहीं दूसरी ओर



मुख्यमंत्री ने अक्षय तृतीया के पावन पर्व की राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहे, यही ईश्वर से कामना करता हूं।

**मुख्यमंत्री सोरेने ने राज्य वासियों को ईद-उल-फितर की दी मुबारकबाद**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सभी राज्य वासियों को ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि शांति, एकता, हर्ष, उल्लास और उत्साह का यह त्योहार है। सभी के जीवन में यह त्योहार सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए, यही दुआ करता हूं।

# झारखंड पुलिस एसोसिएशन के ईद मिलन में जुटे पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के मो महताब आलम प्रांतीय वरीय संयुक्त सचिव के आवास पर ईद मिलन का आयोजन किया गया था।इस अवसर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। ईद की ढेर सारी बधाइयां एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, महामंत्री अक्षय राम, सयुंक्त सचिव रंजन कुमार ,प्रक्षेत्रीय मंत्री धमेन्द्र सिंह एवं सी0आई0डी के सचिव मनोज सिंह एवं भीम सिंह और मनोज कुमार सिंह सदस्य एवं द रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य परवेज कुरैशी,आदिल रशीद, इमरान रशीद, दानिश ,तलहा सभी मौजूद थे।

### राज्यपाल ने राज्यवासियों को ईद-उल-फितर की बधाई दी



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने समस्त राज्यवासियों को ईद-उल-फितर की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार हर्षोल्लास, शांति, एकता और आपसी भाईचारा का संदेश देता है। यह त्यौहार सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली लाए, यह दुआ करता हूं।

# खनन घोटाला: दाहू यादव के पिता को कोर्ट में किया गया पेश, ईडी ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में फरार चल रहे आरोपित दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को शनिवार को रांची जज कॉलोनी स्थित ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा के आवासीय कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से अदालत ने दाहू यादव के पिता को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा कारागार भेज दिया। पशुपति यादव को साहिबगंज जिले के भारतीय कॉलोनी महिला कॉलेज के समीप से गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ ईडी स्पेशल कोर्ट से




वारंट निर्गत किया था। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहली बार आठ जुलाई 2022 को दाहू यादव के ठिकानों पर छापेमारी की थी। दाहू यादव अंतिम बार 18 जुलाई को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिरी दी थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा है। ईडी ने मामले में उसके परिवार के सदस्यों को भी आरोपित बनाया है। दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव फरार चल रहे हैं।दोनों के खिलाफ कुर्की जब्ती का वारंट निर्गत है। ईडी की टीम साहिबगंज में एक हजार करोड़ से अधिक अवैध खनन घोटाले मामले की जांच कर रही है। इस अवैध खनन घोटाले मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उसके सहयोगी बच्चू यादव को पहले ही ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है।

# कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण में हो रही देरी सड़क जर्जर दुर्घटना ग्रस्त हो रहें लोग

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** कांटा टोली फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कछुए की गति की तरह हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर सरकार में शुरू हुआ यह फ्लाईओवर निर्माण कछुए की गति से चल रहा है। पिछले 6 महीना पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे थे। सबसे पहले उन्होंने काम में तेजी लाने के साथ-साथ जो जर्जर सड़क हैं, उसे भी बनाने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ ।

**मोटरसाइकिल व स्कूटी चालक गिर रहें हैं:** फ्लाईओवर निर्माण नहीं होने के कारण सड़क की स्थिति बहुत ही बदतर हो गई है। चारों तरफ उबड़ खाबड़ गड्ढे हो गए हैं, जलजमाव हो रहा है, जिस कारण से मोटरसाइकिल और स्कूटी से चालक रोज दुर्घटना ग्रस्त हो रहें हैं, चिकनी मिट्टी के कारण मोटरसाइकिल और स्कूटी का चक्का स्लीप करने से वहीं गिर जा रहा है, जिसमें गिरने वाले को चोंटे भी आ रही है। इतना ही नहीं यह गनीमत है कि सड़क इतनी खराब है,इस कारण से स्पीड वाहन नहीं चला रहा है, नहीं तो एक वाहन के गिरने से दूसरे वाहन उसके ऊपर चढ़ जाएगी, बड़ी घटना हो सकती थी। बावजूद इसके जुडको के अधिकारी व इंजीनियर हैं इनको इसकी कोई परवाह नहीं है। 15 दिनों पहले यातायात एसपी हारिस बिन जमा ने भी यहां पर जाकर साफ-सफाई और सड़क चौड़ीकरण और समतलीकरण करने का निर्देश दिया था, इनकी भी बातों को धता बता दिया गया है ।

**विरोध के मूड में स्थानीय लोग:** कांटा टोली फ्लाईओवर निर्माण में हो रही देरी और जर्जर सड़क के कारण हो रहे दुर्घटना को देखते हुए स्थानीय लोगों अब जुडको कंपनी के खिलाफ सड़क पर उतारने का मन बना रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि डोरंडा और रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण तेजी से बन रहा है, बावजूद इसके रातू रोड में फ्लाईओवर निर्माण का विरोध स्थानीय दुकानदार लोग



कर रहे हैं, जबकि हम लोगों के क्षेत्र में घर भी तोड़ दिया गया, दुकान भी तोड़ दिया गया और लंबे समय से यह फ्लावर निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है। लगातार सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं , इसका भी कोई असर जुडको के इंजीनियरों एवं उनके अधिकारियों सहित कंपनी से जुड़े अधिकारियों पर नहीं हो रहा है, यदि 15 दिनों के अंदर इसमें कोई सुधार नहीं होता है, जर्जर सड़क को मरम्मती नहीं कराते हैं तो हम लोग सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

**अब से बन रहा है:** बता दें कि वर्ष 2016 से निर्माणाधीन कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हो रहा है। साल 2024 तक अहमदाबाद की कंपनी दिनेश अग्रवाल एंड संस को फ्लाईओवर का निर्माण पूरा करना है। जुडको ने अल्पकालीन निविदा के बाद यह टेंडर दिनेश अग्रवाल को दिया है। योगदा सत्संग आश्रम बहू बाजार रांची से कांटाटोली होते हुए कोकर तक इस फ्लाईओवर का निर्माण होना है। इसकी लंबाई 2.24 किलोमीटर है। फ्लाईओवर के निर्माण पर 187.67 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पूर्व सीएम रघुवर दास के कार्यकाल में इस फ्लाईओवर का काम कराने का निर्णय लिया गया था। इसको लेकर निविदा भी निकाली गई थी। झारखंड के मोदी कंस्ट्रक्शन को काम दिया गया था, जिसने 19 पिलर भी बनाए, पर काम पूरा नहीं हो पाया। 2020 तक फ्लाईओवर का निर्माण पूरा हो जाना चाहिए था।

**पहले लंबाई 1.25 थी, अब 2.24 किलोमीटर हो गई :** पहले इस फ्लाईओवर के लिए 1.25 किलोमीटर की लंबाई तय हुई थी। दोबारा इसकी लंबाई बढ़ा दी गई। अब इसकी लंबाई 2.24 किलोमीटर है। अक्टूबर 2021 में कांटाटोली फ्लाईओवर के लिए हेमंत सोरेन सरकार में पहली बार टेंडर जारी हुआ था। पहली बार टेंडर में एक ही कंपनी क्वालिफाई होने के कारण एक बार फिर इसे जारी किया गया है।फ्लाईओवर निर्माण की योजना 2016 में बनी थी। 2017 में इसके निर्माण के लिए एजेंसी का चयन किया गया। पर भू-अर्जन नहीं होने के कारण काम चालू नहीं हो पाया। मई 2018 में भू-अर्जन का काम पूरा हुआ। जून 2018 से फ्लाईओवर निर्माण का काम शुरू हुआ।

## करमाटांड़ में शांति पूर्ण से ढंग से ईद हुआ संपन्न

**करमाटांड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र में ईद त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। सभी ईदगाह में समय पर ईद की नमाज अदा की गई ।करमाटांड के हर चौक चौराहे एवं ईदगाह में करमाटांड थाना के माध्यम से पुलिस बल तैनात किए गए। थाना प्रभारी नागेश्वर साह सभी ईदगाह का मोयना किए।ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी ना हो। वही करमाटांड़ के सभी रोजेदारों में खुसी की झलक दिखी।ईद मुबारक महीने के 30 रोजे गुजर जाने के बाद सभी रोजेदारों ने अल्लाह से अपने सभी गुनाह एवं गलतियों माफी की दुआ मांगी।साथ ही सभी लोगों ने मिलजुल कर एवं शांतिपूर्वक ढंग से नमाज अदा किया।

## वज्रपात की चपेट से एक बैल की मौत, दूसरा घायल

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नेहालू पंचायत के रोगो गांव में शनिवार को लगभग 2.30 बजे बारिश के बीच आए बज्रपात के चपेट में आने से विजय बडाईक पिता स्व.सहिन्द्र बडाईक के एक बैल की मौत हो गई. विजय अपने घर के बाहर इमली पेड़ के नीचे रस्सी से जोड़ा बैल बान्धा हुआ था। इस बीच तेज हवा और बारिश के बीच बज्रपात होने लगा। तभी वज्रपात के चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गयी वहीं दूसरा को भी झटका से घायल हो गया। घटना की जानकारी पंचायत मुखिया विरेन्द्र भगत को मिलने पर तुरंत घटनास्थल पहुंचे और संबंधित विभाग के पदाधिकारी को सूचित किए। पीड़ित गरीब किसान को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। मौके पर आस-पड़ोस के ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामदगा मशनिया पिपलेश्वर धाम के कलश यात्रा में शामिल हुवे पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव अनुष्ठान मशनिया के कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुवे आजसू पार्टी के खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव जिन्होंने झंडा लहराते हुए मशनिया पिपलेश्वर धाम से हज़ारों महिला पुरुष श्रद्धालुओं के साथ गेतलसुद स्वर्ण रेखा नदी तट पर पहुंचें जहाँ से हज़ारों श्राद्धलू जल उठाकर कलश यात्रा की शुरुवात भगवान शिव की जयकारे के साथ की। श्रद्धालुओं ने कात्तर वाइज तरीके से लगभग 5 किलोमीटर कलश यात्रा कर भगवान की जयकारा लगाते हुवे मंदिर परिसर में पहुंचे। आज से नवपरायान पाठ का शुभारम्भ हो जाएगा। श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा था पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष- दिलीप महतोमुख्य संरक्षक- देवेंद्र दास गोस्वामी पुजारी- राजेंद्र गोस्वामी अनिल गोस्वामीबाबुराम महतो ,मनीराम मुंडाअनुज गोस्वामी ,निरंजन महतोसुनील गोस्वामी ,संतोष बैठा साहित हज़ारों श्रद्धालु मौजूद थें।

## बरही थाना प्रभारी मुखिया शमशेर आलम से मिलकर दी ईद की बधाई

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाईचारगी का संदेश देने वाला पर्व ईद उल फितर शनिवार को बरही प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बरही प्रशासन हर जगह मुस्देत दिखी। इसी दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया शमशेर आलम के घर पहुंचे और ईद की बधाई दी। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा की ईद का त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। मौके पर स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, टिंकू आलम, शाहरुख अंसारी, इरशाद, रोशन, सलमान, नौशाद व अन्य लोग उपस्थित थे।

## चपरी में ईद उल फितर की नमाज बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों ने पढ़ी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायत बुमरी के गांव चपरी जामा मस्जिद में बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों ने शनिवार को ईद उल फितर की नमाज बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी। सभी ने अपने गांव समेत पूरे मुल्क के लिए खुशहाली की दुआएं मांगी। छोटे बच्चों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद एक दूसरे को दिया। सभी ने खुदा के बताए रास्ते पर चलने और भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की बातें कहीं। लोगों ने अपने दोस्तों, रिस्तेदारो को घरों पर दावत के लिए बुलाया। जिसमें लजीज सेवई, पकवान खिलाये गए।

## कोयलांचल में तेज हवाओं के साथ उड़े धूल, आसमान में दोपहर के बाद छाए रहे बादल, हुई बूंदाबांदी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस, गिददी, रेलीगढ़ा, गांव टोंगी, चपरी, हेसला, मनुआ, फुलसराय, डाड़ी, चुंबा क्षेत्रों में शनिवार दोपहर दो बजे के बाद तेज हवाओं के साथ धूलकन उड़े। इससे सड़क पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालको, राहगीरों को परेशानी हुई। आसमान में काले बादल इधर से उधर उड़ते देखे गए। कुछ एक जगहो पर बूंदाबांदी की भी सूचना हैं। संध्या तक हवाएं चलती रही। लोग आंधी तूफान और बारिश की क्याश लगाए हुए रहे। जनजीवन अस्त व्यस्त रहा।

## जनता मजदूर संघ की बैठक में एनके सीसीएल श्रमिकों की समस्याओं को लेकर चर्चा किया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में एनके एरिया श्रमिकों की समस्याओं को लेकर एक बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता गोल्डन प्रसाद यादव व मंच का संचालन डीपी सिंह ने किया. बैठक में एनके एरिया सीसीएल मजदूरों की समस्या पर गहनता पूर्वक चर्चा किया गया. जिसमे मुख्य रूप से श्रमिकों के लिये आवास रिपेयरिंग, 11 दिन का वेतन भुगतान,वर्षो से जूझ रहे पानी की समस्या सहित अन्य मुख्य मुद्दों पर चर्चा किया गया.वही बैठक में एनके क्षेत्र के सभी परियोजना में जनता मजदूर संघ का सदस्यता के लिए अधिक से अधिक क्षेत्र में बढ़ाने का चर्चा किया गया. बैठक में मुख्य रूप से चूरामन दास,,अजय चौहान, टुपा महतो, रविंद्र उरांव, टेकलाल महतो,शिवम मुंडा,बिरजू लोहार, चंदभूषण सिंह, बुटन चौहान, संतोष अनिल कुमार , बिपिन कुमार, अरविन्द मुंडा संजय कुमार, तपेशर कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## मांडर एनएच-75 सड़क पर भीषण सड़क हादसे में 6 घायल, चार रेफर

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईद के त्यौहार में खुशी बदला गम में,आज ईद मिलन के लिए करगे ससुराल से कंदरी अपने घर लौटने के क्रम में कंदरी मोड़ के समीप स्थित एच पी पेट्रोल पंप में पेट्रोल भराने जा रहे थे।इसी क्रम में रोड कट कर जैसे ही मारुति वैन दूसरी ओर की सड़क पहुंची राँची की ओर से आ रही तेज रफ्तार बोलेनो कार छ्व॥033597 ने जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मारुति बीआर13ए1762 तीन चक्कर पलटी मार गई। बोलेनो ने बाई ओर के टायर दुकान में घुस कर जेनरेटर को भी छतिग्रस्त कर दिया। घायलों में 25 वर्षीय महफिल अंसारी तथा उसकी पत्नी 22 वर्षीय रेहाना खातून, 19 वर्षीय सुहाना प्रवीण, फिरदोस नगर निवासी 11 वर्षीय तनवीर अंसारी,19 वर्षीय रेशमा खातून, 11वर्षीय सब्बू प्रवीण शामिल हैं जिन्हें स्थानीय लोगों ने मांडर रेफरल अस्पताल लाया।जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक ईलाज के बाद बेहतर ईलाज के लिए चार लोगों महफ़िल अंसारी, रेहाना खातून,सुहाना प्रवीण तथा तनवीर अंसारी को रिम्स भेज दिया गया।मांडर पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने संरक्षण में थाना ले लाया है।



# ईद मुबारकः मुस्लिम भाइयों ने जिले में शांति व भाईचारे के साथ मनाया ईद का त्यौहार

**अमन के लिए उठे हजारों हाथ, सजदे ने सिर सिर, गले मिल एक दूसरे को दी ईद की बधाई रंग-बिरंगे परिधानों में नजर आए बच्चे, सुबह से ही था मेले सा नजारा**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** माहे रमजान के 30वां रोजा समाप्त होते ही शनिवार को अमन और शांति के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे तो सजदे में सिर झुके। ईद की मुबारकबाद के साथ लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर बधाई दी। रोजेदारों के चेहरे पर रौनक, होठों पर मुस्कान, नए परिधान, खुशबू पूरा माहौल महक उठा। छोटे बड़े के भेदभाव से ऊपर उठकर मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की। जामताड़ा शहर के न्यू टाउन स्थित ईदगाह में सुबह से ही चहल-पहल बनी हुई थी। ईदगाह कमेटी के लोगों ने तैयारी का जायजा लिया और नमाजियों के सहूलियत को लेकर चौकस नजर आए। सुबह 8ञ्00 बजे लोगों ने नमाज अदा की। गरीबों के बीच जकात बांटा गया। रहमत और बरकत का महीना मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नियम पूर्वक रोजा रखा। सबसे बड़े त्यौहार को लेकर बच्चे बूढ़े युवा और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। पुरुष जहां सज धज कर ईदगाह की ओर निकले वहीं महिलाएं पकवान बनाने की तैयारी में जुट गई। सेवई और लच्छो की मीठी खुशबू हर तरफ से आ रही थी। शांति और सद्भाव के साथ लोगों ने त्यौहार मनाया। कई जगहों पर मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू समुदाय के लोग भी ईद की खुशी में शिरकत करते देखे गए। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया था। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। न्यू टाउन ईदगाह में पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी के साथ मौजूद रहे। इसके अलावा पाकडीह व सरखेलडीह, राजबाड़ी, जीतूडंगाल, धांधड़ा, चेंगायडीह, बुधुडीह, पोसोई, नाराडीह, मोहड़ा, शहरपुरा, बेवा धनबाद, मियांडीह, चिरूनबांध श्यामपुर, मेंझिया सहित कई जगहों पर हजारों की संख्या में मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा कर लोगों को बधाई दी।

**ईद की नमाज के बाद शुरू हुआ दावतों का सिलसिला**

ईद के अवसर पर सेवई की मिठास में सब एक ही रंग में रंगे नजर आए और वह रंग था इंसानियत का। ईद की नमाज के बाद शुरू हुआ दावतों का सिलसिला। हर मजहब के लोगों ने अपने परिचितों के घर जाकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी और तरह-तरह की सेवइयो का लुफ्त उठाया। दोपहर बाद से शुरू हुआ दावतों का दौर जो देर रात तक चलता रहा। यह त्यौहार गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बन गया।

**विधायक ने देश में अमन चैन की की दुआ**

विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने शनिवार को ईद की नमाज अदा की इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांव में पहुंच कर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक माह के कठिन तपस्या के बाद ईद का त्यौहार आया है उन्होंने देश में अमन चैन शांति और खुशहाली की दुआ की कहा कि कुछ लोग देश में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है खुशियां बांट कर प्रेम सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि ईद का पावन त्यौहार हमें सारे गिले-शिकवे भूलकर प्रेम और भाईचारे के साथ रहना सिखाता है हम सभी को मिलजुलकर एक होकर रहना है देश पर देश की तरक्की में योगदान देना है। इसके अलावा जामताड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र मंडल, भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा, झामुमो के केंद्रीय कमेटी के सदस्य अशोक मंडल ,चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित अन्य कई राजनीतिक नेताओं ने ईद की बधाई दी।

## सिरका में लोगों ने ईद का जश्न एक दूसरे से गले मिलकर मनाया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल सिरका के जामा मस्जिद में शनिवार को ईद की नमाज तय समय पर शाही इमाम मौलाना अब्दुल वहाब साहब के द्वारा लोगों को पढ़ाई गई। इसके अलावे सिरका बुधबाजार गांव चपरी, हेसला, मनुवां, फुलसराय, में भी ईद की नमाज अदा हुई। इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई लोगों ने दी। छोटो को बड़ो ने ईदी भी दिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे सुंदर कपड़े पहन रखे थे। लोगों ने एक दूसरे को दावतो पर बुलाकर लजीज व्यंजन भी परोसे। इधर दोस्तों बंधु बांधओं को लच्छेदार सेवाईया भी खिलाए गए। लोगों ने बताया कि ईद उल फितर का त्योहार आपस में भाईचारगी और मुल्क में अमन चैन बरकरार रहे, इसकी सबब देता हैं। रमजान के एक महीने के रोजे पूरे होने के बाद यह अवसर सभी को मिलता हैं।

## अमन और शांति के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे



**नारायणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारायणपुर प्रखंड में माहे रमजान के 30वां रोजा समाप्त होते ही शनिवार को अमन और शांति के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे तो सजदे में सिर झुके। ईद की मुबारकबाद के साथ लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर बधाई दी। रोजेदारों के चेहरे पर रौनक, होठों पर मुस्कान, नए परिधान, खुशबू पूरा माहौल महक उठा। छोटे बड़े के भेदभाव से ऊपर उठकर मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की। नारायणपुर प्रखंड के चंदाडीह लखनपुर ,मुरलीपहाडी,नवाडीह,कोरीडीह वन,मोहड़ार ईदगाह में सुबह से ही चहल-पहल बनी हुई थी। ईदगाह कमेटी के लोगों ने तैयारी का जायजा लिया और नमाजियों के सहूलियत को लेकर चौकस नजर आए। सुबह 8ञ्00 बजे लोगों ने नमाज अदा की। गरीबों के बीच जकात बांटा गया। रहमत और बरकत का महीना मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नियम पूर्वक रोजा रखा। सबसे बड़े त्यौहार को लेकर बच्चे बूढ़े युवा और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। पुरुष जहां सज धज कर ईदगाह की ओर निकले वहीं महिलाएं पकवान बनाने की तैयारी में जुट गई। सेवई और लच्छो की मीठी खुशबू हर तरफ से आ रही थी। शांति और सद्भाव के साथ लोगों ने त्यौहार मनाया। कई जगहों पर मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू समुदाय के लोग भी ईद की खुशी में शिरकत करते देखे गए। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया था। असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। न्यू टाउन ईदगाह में पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी के साथ मौजूद रहे।

# रविंद्र नाथ टैगोर की संपत्ति पर किया अवैध कब्जा, परिजनों ने लगाया आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** जामताड़ा जिला के करमाटांड़ प्रखंड पूरे देश में फिलहाल साइबर अपराध के लिए विख्यात हो गया है लेकिन इसके अलावा भी यहां कई तरह के कारनामे हो रहे हैं। रविंद्र नाथ टैगोर के वंशज कोलकाता से करमाटांड़ का दौर अपनी संपत्ति को बचाने में लगा रहे हैं। उनके 4 एकड़ की संपत्ति को अवैध रूप से करमाटांड़ के लोगों ने कब्जा कर लिया है और उसकी प्लॉटिंग कर बेच दिया है। उस जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य जारी है। वर्ष 2018 में परिजनों ने तत्कालीन एसपी से संपर्क कर कार्यस्थल पर धारा 144 लागू करवाया था। लेकिन वर्ष 2023 में वे लोग अपने प्रॉपर्टी को देखने आए तो दुबारा काम जारी था।रविंद्र नाथ टैगोर उर्फ रविंद्र नाथ ठाकुर के भतीजा अतनु नंदन ठाकुर की पत्नी अक्षय कुमारी देवी के नाम से बने हुए ट्रस्ट में उनके परिवार के लोग ट्रस्टी हैं। और यह सारी प्रॉपर्टी उस ट्रस्ट के नाम से है जिसके देखभाल ट्रस्टी के जिम्में है। ट्रस्टी ॠषिकेश भट्टाचार्य जो रविंद्र नाथ ठाकुर के भतीजा के पोता हैं, उनकी पत्नी सह कोलकाता हाईकोर्ट की अधिवक्ता शिप्रा भट्टाचार्य ने बताया कि ट्रस्ट की संपत्ति को बेचने के लिए हाई कोर्ट का और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के परमिशन की जरूरत है।

## नौजवान कमेटी नईसराय की ओर ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** नौजवान कमेटी नईसराय की ओर से शनिवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता कमेटी संयोजक मो टीपू सुलतान ने किया। इस दौरान सर्वप्रथम कमेटी सदस्यों ने ईदगाह और नजदीक के मस्जिद में नमाज अदा की। इसके बाद सभी आयोजन स्थल पहुंचे। यहां एक - दूसरे से गला मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। नौजवान कमेटी संयोजक ने मो टीपू सुलतान ने कहा कि आपसी भाई चारा स्थापित करने के उद्देश्य से विगत कई वर्षों से ईद मिलन समारोह का आयोजन होता रहा है। इसमें बड़ी संख्या में हिन्दू - मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग शिरकत करते हैं। ईद मिलन समारोह से पूर्व हमारे कमेटी के द्वारा इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया था। इसमें में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए थे। ईद मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए कमेटी सदस्यों का आभार जताया। इसके बाद आसपास के लोगों को सेवई खिलाने का दौर देर शाम तक चलता रहा। मौके पर मो समीम, मो सलीम, मो नसीम, अमन जायसवाल, सतीश शर्मा,सुबोध सिंह, मो यूसुफ, मो मोनू, मो वसीम, मो फैजान, मो सोनू, मो पन्ना, मो आसिफ, मो मन्नू आदि मौजूद थे।

## नाला में धूमधाम से मनाई गई ईद उल फितर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नाला :** नाला प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर जामा मस्जिद के अलावा टेसजुड़िया, खैरा, सुल्तानपुर ,कास्ता, चिचुरबील बामुंडीहा, लच्छूराईडी, घोड़मारा, सहरजुड़िया सहित आदि जगहों में ईद धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गोपालपुर जामा मस्जिद में मौलाना इस्माइल ने ईद की नमाज अदा कराई वहीं टेसजुड़िया जामा मस्जिद में इमाम हाफिज मौलाना इमामुद्दीन अंसारी ने ईद -उल -फितर की नमाज अदा कराई । वहीं बामुनडीहा जामा मस्जिद में मौलाना नसीमुद्दीन अंसारी, हाफीज सामाद, आरवेज के द्वारा नमाज अदा कराई गई। इस दौरान मौलाना इस्माइल ने आपस में प्यार मोहब्बत का पैगाम देते हुए हंसी खुशी से जिंदगी बिताने का पैगाम दिया।इस क्रम में सभी नमाजियों ने अल्लाह ताला से समस्त देशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी।मालूम हो कि ईद की नमाज अदा के पश्चात सभी लोगों ने एक दूसरे के गले मिले और ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे भी नमाज अदा करते देखे गए और एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर गोपालपुर में नमाजी निजाम अंसारी, शमीम अंसारी, अबरार अहमद खान, साजिद अंसारी, समीद अंसारी, खुर्शीद अंसारी, अब्दुर्रहीम, समसुद्दीन अंसारी, शरीफ अंसारी, जावेद अंसारी, परवेज अंसारी,कौशर अंसारी,पिंटू अंसारी, जेके शरीफ, हसीब अंसारी,टिंकू अंसारी,नजीम अंसारी, संजू अंसारी, पिंकु अंसारी, अब्दुल रसीद, मोहसिन आलम, साहिद खान आदि मौजूद थे । वहीं टेसजुड़िया जामा मस्जिद में शेख अनामत,शेख नियामत आदि मौजूद थे। वहीं खैरा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद सफाउल्ला ने ईद की नमाज अदा कराई।

# बरही व विभिन्न क्षेत्रों में अकीदत के साथ मनाई गयी ईद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** बरही व आसपास क्षेत्रों में शनिवार को ईद का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की। ईद-उल-फितर पर दुआओं के लिए हजारों हाथ उठे, जहां अकीदतमंदों ने अमन चैन की दुआएं मांगी। ईद का नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गले मिलकर कई हिंदू समाज के लोगों ने भी ईद की शुभकामनाएं दी। कोनरा ईदगाह में मौलाना मो. मुशर्रफ कादरी, बरही जामा मस्जिद में हाफिज मो. फिरोज, मदीना मस्जिद कोनरा में हाफिज मो. कलीमउद्दीन रिजवी, मक्का मस्जिद में कारी मो. कयूम अहमद ने ईद की नमाज पढ़ाई। कोनरा व रसोईया धमना ईदगाह सहित सभी ईदगाहों में काफी तादाद में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। ईदगाह के बाहर मेला लगा था। कोनरा ईदगाह, बरही जामा मस्जिद, मक्का मस्जिद कोनरा, मदीना मस्जिद कोनरा, रसोइया धमना छोटकी बरही, दुलमाहा, लस्करी, धनवार, करियातपुर, महुगढा, भंडारो, अलगडीहा, डुमरियाडीह, मलकोको, गौरियाकरमा सहित सभी ईदगाह व मस्जिदों में हजारों की संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। इस अवसर पर प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। ईद उल फितर पर घर-घर में आने वाले मेहमानों को मीठी सेवइयां भेंट की गई। वहीं लोग एक दूसरे को घर जाकर बधाई दिया। बच्चों के बीच भी खासा उत्साह रहा, बच्चों को ईदी के रूप में ढेर सारा प्यार और उपहार मिला। कांग्रेस नेता डॉ निजामुद्दीन अंसारी, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जिप प्रतिनिधि मो क्यूम, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, मुखिया शमशेर आलम, मुखिया मकीना खातुन प्रतिनिधि मो. मंसूर, मो तौकीर रजा, पूर्व मुखिया मो बेलाल, मो यूसुफ, 20 सूत्री सदस्य मो. इम्तियाज, पंसस मो तैयब, रिजवान अली, मो मेराज, शरीफुल हक सहित अन्य मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की मुबारकबाद दी है।

# हर्षोल्लास व भाईचारे के बीच मनाई गई ईद, लोगों ने गले मिलकर दी एक-दूसरे को मुबारकबाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड क्षेत्र सहित चरही के पूरे कोलयंचल क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। शुक्रवार की शाम चांद दिखाई देने के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू कर दिया। ईद को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में खूब उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मस्जिदों के आसपास रौनक देखने को मिली। मदीना मस्जिद चरही में सुबह 9 बजे नमाज अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर दुनिया में अमन चैन की दुआएं मांगी।

**देर शाम तक गले मिलने का चलता रहा दौर**

चुरचू प्रखंड क्षेत्र में इस बार भीषण गर्मी रही। हलक सुखाने वाले तेज पछुआ हवाओं और बिजली कटौती के बीच पूर्वी हवा के उमस भरे दिन के बावजूद इस पवित्र रमजान माह में रोजा रखने वालों की कोई कमी नहीं रही। काफी शिद्दत के साथ बच्चों सहित वृद्ध लोगों ने रोजा रखा और नमाज अदा की है। कई बार धैर्य की अग्नि परीक्षा देते हुए लोगों ने शुक्रवार की संध्या ईद के चांद का दीदार करने के उपरांत शनिवार को ईद मुबारक मनाया। इस बीच पूरे उत्साह के साथ लोग ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद मुबारकबाद देते नजर आए।देर शाम तक लोगों के गले मिलने का और एक दूसरे को दुआ देने का दौर चलता रहा।

**छोटे-छोटे बच्चों ने भी रखा रोजा और ईद को यादगार बनाया।**

दिनभर भूखे प्यासे रहकर अजान के बाद नमाज पढ़ना, फिर शाम में निश्चित समय के बाद अजान सुनना फिर रोजा खोलना ऐसे कठिन मौसम में रोजा रखकर बच्चों ने ईद को यादगार बनाया। ईद की मुबारक देते हुए कई बच्चों ने बताया कि वह पहली बार रोजा रखकर इसे सफल बनाया है।

## मांडर व चान्हो प्रखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर तथा चान्हो प्रखंड के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में ईद का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।सुख,समृद्धि,अमन चैन और आपसी सौहार्द की दुआ के साथ मांडर तथा चान्हो प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में ईद की नमाज अदा की गई।नमाज पढ़ कर मस्जिद से निकल कर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद लोगों ने दी। मुड़मा ईदगाह में मौलाना अब्दुल जलील काशमी नदवी ने ईद की नमाज अदा कराई और देश के सभी धर्मावलम्बियों को ईद की मुबारकबाद दी।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि फिरकापरस्त लोगों ने जो हिंदुस्तान में फरक पैदा करने का जो राजनीति शुरु किया है।उसे हम सभी कौम के लोग कभी कामयाब होने नहीं देंगे।पूर्व कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष शमीम अख्तर आजाद ने कहा कि ईद प्रेम एवं सभी की खुशहाली की दुआ का पर्व है।इस पर्व में रोजा रखकर भूख प्यास क्या होती है,उसे महसूस कर किसी को भी भूखे प्यासे नहीं रहने देने का पैगाम देती है।कमिटी के आबिद अंसारी ने इस मौके पर कहा कि एक महीने के पवित्र रमजान के महीने में जिस सहयोग और सौहार्द का गंगा यमुनी संगम देखने को मिलता है।उसे आज ईद के मौके पर भी भारत देश में फूट डालने वाले आकर यहाँ देखें और बताये कि इस ईद मुबारक में कौन किस कौम में शामिल हैं।हम सभी एक ही परिवार के विभिन्न सदस्यों की तरह रहते आये हैं ।

## राहगीरों के बीच सत्तू व खीरा का वितरण किया गया



**गोड्डा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य बाजार स्थित बड़ी काली मंदिर के प्रागंण मे मारवाड़ी महिला समिति और मारवाड़ी युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान मे राहगीरों के बिच चने का सत्तू, कच्चे आम का शरबत और खिरा का वितरण किया गया। महिला समिति की अध्यक्षा बिणा टेकरीवाल और युवा मंच के अध्यक्ष प्रितम गाडिया ने बताया की गर्मी को देखते हुए यह कार्यक्रम आज रखा गया है। इस तपती धूप मे राहगीरों के लिये सत्तू और आम का पानी बहुत ही राहत का कार्य करता है?। महिला समिति की सचिव अन्नू पोद्दार, पुर्व अध्यक्षा मिरा बजाज, कोषाध्यक्ष कंचन गाडिया, श्वेता टेकरीवाल, लक्ष्मी मित्तल, श्वेता गाडिया, सिमा शर्मा, सुनीता गाडिया, मंजू टेकरीवाल, सिमा भावसिंहका, अन्नपूर्णा गाडिया कुमार देव पोद्दार, दिपक बजाज, आस्था, हर्षिता, संजिवनी आदि का सहयोग रहा।

## विधिक जागरुकता शिविर का हुआ आयोजन

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला खरसावां की और से ईचागढ़ प्रखण्ड अनतर्गत ग्राम पाटपुर गाँव में पीएलवी कार्तिक गोप ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया । गाँव में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय बलात्कार यौनशोषण घरेलु हिंसा डायन प्रथा महिलाओं का अधिकार तथा श्रम काड से संबंधित मजदुरो को निबंध कराने तथा लाभ लेने को कहा गया ,साथ ही ट्राफिक नियमों का पालन करने तथा छुआछूत आदि के बारे में कानुनी जानकारी दिया गया । कार्तिक गोप ने बताया कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रूढ़िवादी प्रथा कायम है। उन्होंने कहा कि बुड़े बुजुर्ग महिलाओं को डायन बताकर प्रताड़ित किया जाता है,जो अन्याय है । उन्होंने कहा झालसा लगातार इस संबंध में जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। मौके पर गुलाची हांसदा पुतली हांसदा सुनिता हांसदा सोमबारी देवी बाहामुनी माझी सुनिया हांसदा अमित हांसदा अशोक हांसदा आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अक्षय तृतीया पर हरहरगुटू में अति उत्तम त्रिशक्ति शीला की हुई विशेष पूजा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था अतिउत्तम शक्ति परिवार द्धारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शनिवार 22 अप्रैल को विश्व शांति और भक्तों की सुख, समृद्धि के लिए हरहरगुटटू स्थित अतिउत्तम शक्ति दरबार में अति उत्तम त्रिशक्ति शीला (जिसमें तीनो शक्तियों का समावेश है), भगवान शिव जी, माँ लक्ष्मी, भगवान् विष्णु और जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की विशेष पूजा की गयी। संस्था के संस्थापक भक्त राजा सूर्य देव उत्तम परम हंस जी की देखरेख में चार पंडितों ने विधिवत रूप से पूजा करायी। इस वर्ष जगन्नाथ पूरी और बद्रीनारायण के रूप मे चार धाम, स्थानीय नादियों का जल पंचद्रव्य और 36 प्रकार के फलो के रसो से रुद्रभिषेक पूज की गयी। उसी फलो के रसो को पंचामृत के रूप मे भक्तो के बीच वितरण किया गया। पूजा के बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

## शुभम कुमार पांडेय ने गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 714 अंक लाया



**गोमियां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिट्स स्कूल गोमिया के छात्र शुभम कुमार पांडेय ने गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 714 अंक लाकर गोमिया का नाम रोशन किया है। वे एनटीपीसी लिमिटेड में कार्यपालक अभियंता के रूप में 27 अप्रैल को जॉइनिंग करेंगे। श्री पांडेय के एनटीपीसी में चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य सहित उनके माता-पिता ने शुभकामनाएं दी है।

## हर्षोलास के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड विभिन्न गांवों में शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार हर्षोलास के साथ मनाया गया।सतगावां प्रखण्ड के शिवपुर, अंगार, माधोपुर,डेगोडीह, मीरगंज, मोदीडीह, समलडीह,बासोडीह आदि गावो में शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया ।शुक्रवार की रात ईद के चांद का लोग दीदार किये जिसके बाद शनिवार की सुबह नमाज अदा करने के उपरांत सभी बड़े बुजुर्ग ,बच्चे एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मुंह मीठा किया।वहीं सभी लोग परम्पराओं के अनुसार दूध और लच्छा खाकर ईद को यादगार बनाया।वहीं विभिन्न गांवों में जाकर बीडीओ वैद्यनाथ उरांव ने एक दूसरे को ईद की बधाई दी।मौके पर विसूत्री अध्यक्ष विजय सिंह,बीईईओ शेख शकील अहमद,पुलिस इंस्पेक्टर निरंजन उरांव,रामौतार चौधरी,अजहर रब्बानी,सोनू कुमार,अश्विनी कुमार,शंकर यादव,बिनोद यादव,आदि मौजूद थे।

## संकरी नदी पुल के नीचे युवक का शव बरामद

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के संकरी नदी माधोपुर पुल से 500 मीटर पश्चिम आठवीं पिलर के सामने नदी में बालू से ढंका एक लाश को शनिवार को अहले सुबह सूचना के आधार पर पुलिस ने बरामद किया।बरामद शव की पहचान ग्राम माधोपुर निवासी मनोज शर्मा पिता बदरी शर्मा उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई।बताया जाता है की मृतक मनोज शर्मा बासोडीह बाजार में अपना सैलून की दुकान खोले हुए था जो नित्य दिन की भांति बाजार से रात में सैलून बन्द करके घर वापस आ रहा था।खबर सुनते ही आस पास के गांव के लोगों की भीड़ लग गई और कौतूहल का विषय बन गया की आखिर मौत कैसे हुई।सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया जहां से दो गमछा भी बरामद हुई।मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था जिसके चार पुत्र है।खबर सुनते ही परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।पुलिस लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये कोडरमा भेज दिया है वहीं थाना प्रभारी मामले की छानबीन में लगे हुए हैं.

# हाथी के हमले से एक की मौत, एक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के दलमा रेंज अंतर्गत गोबरघुसी के जंगल में शुक्रवार की दोपहर करीब ढाई बजे एक हाथी ने करीब 56 वर्षीय विभूति सहिस को कुचल दिया जबकि इसी घटना में उसका साथी शत्रुघ्न सिंह (60 वर्ष) बुरी तरह से घायल हो गया है। वहीं एक अन्य महिला डुनु सिंह ने भागकर अपनी जान बचाई और वह भागने के क्रम में घायल हो चुकी है। इस संबंध में गोबरघुसी के ग्राम प्रधान बेलू सिंह ने बताया कि इस जंगल में हमेशा हाथियों का झुंड रहता है क्योंकि यहां कई झरने हैं जिसमें पानी पीने के लिए हाथियों का झुंड आता है। शुक्रवार को जलावन की लकड़ी लाने के लिए सुबह करीब 10 बजे गोबरघुसी निवासी विभूति सहिस एवं शत्रुघ्न सिंह जंगल गये थे। वहां दोपहर करीब ढाई बजे लकड़ी लेकर लौटने के क्रम में एक विशाल हाथी से सामना हो गया। पटमदा के सर्किल इंस्पेक्टर हीरालाल महतो व थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचे और लाश को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि घायल शत्रुघ्न को बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया गया। देर से पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने मृतक की पत्नी भारती सहिस को तत्काल 25 हजार रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जबकि शेष 3.75 लाख की राशि नियमानुसार भुगतान करने का आश्वासन दिया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी ईद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** ज़िले में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ शनिवार को ईद उल फितर का त्योहार मनाया गया। इस दौरान सब की जुबान पर अल्लाह हु अकबर अल्लाह अकबर की सदा बुलन्द हो रही थी। ज्ञात हो की शुक्रवार को देर शाम देश के विभिन्न क्षेत्रों में ईद का चांद देखा गया और ईद उल फितर मनाया गया। ज़िला मुख्यालय स्थित जलवाबाद बईदगाह में मौलाना शहादत हुसैन, असनाबाद मस्जिद में हाफिज सरफराज, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक व मक्का मस्जिद में हाफ़िज़ अल्ताफ ने ईद उल फितर की नमाज़ सामुहिक रूप से अदा कराई। इस दौरान जलवाबाद ईदगाह में लोगों को संबोधित करते हुये ईद के महत्व के बारे में बताते हुये कहा गया की ईद अल्लाह का रमज़ान के रोजे के बाद एक तोफा है। उन्होंने कहा कि इस्लाम मे इल्म शिक्षा हासिल करना फ़र्ज़ करार दिया गया है, पर वर्तमान समय में हम शिक्षा के में पिछड़ गये हैं, यही वजह है कि हम सामाजिक, आर्थिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। वहां मौजूद लोगों से कहा गया कि कम खाएं पर अपने बच्चों को अच्छी तालीम शिक्षा ज़रूर दें। अपने समाज में अगर बदलाव लाना चाहते हैं, शिक्षा को ढाल बनाएं।जिससे दुनिया जीती जा सकती है और लोगों के दिलों पर राज किया जा सकता है। मौलाना ने कहा कि हज़रत मोहम्मद (स अ व) ने कहा है कि तुम में बेहतर वो है जिसके पास शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार हो। इस्लाम में अपने मुल्क से मोहब्बत वफ़ादारी की बात कही गई है। जो अपने वतन अपने मुल्क का वफादार नहीं वह सच्चा मुसलमान नहीं हो सकता। संबोधन के पश्चात मौलाना शहादत ने सामूहिक नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन शांति भाईचारे के साथ देश की उन्नति, प्रगति की दुआ माँगी। ततपश्चात इस मौके पर लोगों ने नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिल ईद की मुबारकबाद दी। कहा जाता है कि ईद के दिन दुश्मन भी गीले शिकवे भूल, एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद देते हैं। इस दौरान ईदगाह से निकल कर लोग एक दूसरे के घरों में जाकर मीठी संवैया खाई और ईद की मुबारकबाद दिए। ईद उल फितर के मौके पर जलवाबाद ईदगाह में कारी खैरुलवारा, हाफिज मोख्तार, मकसूद आलम, हाजी आफ़ताब, हाजी प्रवेज़, शाहनवाज राजा, मास्टर मुमताज़, प्रवेज़, बलिस्टर, मो तबरेज़, खुस्तर अहमद, मौलाना महबूब, अज़हर हुसैन, सकीब, शाहबाज़ क़ादरी, आईयाज़, आदिल, दानिश, सनी, सोनू, मोनू आदि, बेलाल मस्जिद में मो हक़ीम, मनान खान, मो फारूक, राजू खान आदि, दर्जिचक मस्जिद में मो बदरुद्दीन, मो शमीम, मो जावेद, शमीम, आदि, असनाबाद में हाजी गुलाम जिलानी, सफीक, शाहिद, समीर, मो जावेद, अज़ीम, नसीम,आदि मौजूद थे।

## अमन चैन की दुआ के साथ मनी ईद


### गले मिल लोगों ने दी बधाई, लच्छा-सेवई का लिया आनंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नावाडीह :** नावाडीह प्रखंड के नावाडीह सहित चिरुडीह, लेम्बोडीह, परसबनी, आहरडीह, सुरही, सहरिया, खरपीटो, नारायणपुर, काछो, गोनियाटो आदि क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की ओर से शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ शनिवार को हर्षोउल्लास के साथ ईद मनाई गई । इसको ले विभिन्न ईदगाह में ईदुल फितर की नमाज अदा कर लोगों ने देश के अमन चैन के लिए दुआ किए । नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी । एक दूसरे का घर पहुंच लच्छा व सेवई का लुफ्त उठाया । इस दौरान स्थानीय पुलिस प्रशासन को भी काफी मुस्तैद देखा गया । काछो के पूर्व मुखिया कमरुल अंसारी ने बताया कि ईद का नमाज शांतिपूर्वक अदा करने बाद लोगों ने आपस में गले मिल एक दूसरों को बधाई दी । ईद पर्व को ले लोग सुबह-सुबह नए वस्त्र धारण कर एक-दूसरों के घर जाकर बधाई दे लच्छा व सेवई का जमकर लुफ्त उठाया । इस मौके पर सबाना खातुन, मुनिमन खातुन, सालेहा खातुन, तबासुन खातुन, जमीला खातुन, सदर मोईनुद्दीन अंसारी, सचिव सेराज अंसारी ,युसुफ अंसारी, मोहम्मद अब्बास अंसारी, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# प्रभात मंत्र का मुहिम जारी : बिजली चोरी पर कैसे लगेगी लगाम?



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**देवघर :** रिखिया फिटर इलाके के खासकर ग्रामीण क्षेत्र में बिना मीटर के ही धड़ल्ले से बिजली चोरी की जा रही है। बिजली चोरी पर कैसे लगेगी लगाम? इसे लेकर बिजली अधिकारी के लिए लगातार सिर दर्द बनता जा रहा है। उधर बिजली चोरी रोकने के लिए डिस्कॉम प्रयास कर रहा है। लेकिन बिजली चोरी करने के लिए नित नए तरीके को इजाद कर रहे हैं। बिजली चोरी के चलते उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है बिजली चोर मजे से चोरी बिजली से अपना घर जगमगाते हैं गर्मी में ठंडी हवा का इस्तेमाल करते हैं लेकिन यही बिजली चोर आम उपभोक्ताओं के लिए आफत पैदा कर रहे हैं। दरअसल बिजली चोरी से विभाग को यह अंदाजा ही नहीं लगा पाता है कि सही मायने में उस क्षेत्र का लोड कितना है उसी वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाते हैं। सूत्रों की मानें तो बताया जाता है कि बिजली चोरी करने वाले लोग बिजली कर्मी को कनेक्शन को लेकर मोटी रकम देते हैं। जिससे बिना मीटर के ही बिजली कनेक्शन देकर फूंकवा रहे हैं। जिससे बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों तक मामला नहीं पहुंच पाते हैं। जिससे बिजली अधिकारी व कर्मचारी की सांठगांठ करके जमकर बिजली फूंकवा रही है। हमेशा कार्रवाई नहीं करने के चलते जिससे यह चोरी चलती रहती है। अब देखना यह होगा कि बिजली चोरी पर कैसे लगाम लगा पाएंगे।

## पौधरोपण कर आधुनिक पावर ने मनाया पृथ्वी दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पदमपुर स्थित बिजली बनाने वाली कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड (एपीएनआरएल) के कर्मचारियों और अधिकारीयों ने पौधे रोपकर 53वां पृथ्वी दिवस मनाया। शनिवार को कंपनी परिसर में महादेव उद्यान में पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी और दायित्व का निर्वहन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एमएन सिंह, राजेश कुमार शर्मा, अजय बांगड़े, अमल बैद्या, संजीत सिन्हा एवं बिराज कुमार ने भी पौधरोपण किया।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**फुसरो :** बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर पुराना बीडीओ ऑफिस के समीप खिचडी महाप्रसाद का वितरण किया गया. । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल ने लोगो के बीच खिचड़ी वितरण किया. मौके पर बेरमो मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, व्यवस्था संचालक ललन रवानी, फुसरो नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गिरिजा शंकर पांडेय, आदि लोग मौजुद थे.

## पूरे प्रखंड में ईद खुशहाली के साथ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** इंसानियत से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इंसान को इंसान की भलाई का ही कार्य करना चाहिए। ईद का पर्व हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल पेश करता है। ईद पर हर शख्स एक-दूसरे को जो मुबारकबाद देता है। वह इस बात का सबूत है कि हम धर्म के साथ अपने वतन से भी प्यार करें और अच्छे इंसान बनें।हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, यह सब अलग-अलग धर्म हैं, लेकिन इसके पहले हम सब भारतीय है। यदि हम सब मिलकर रहेंगे तो दुनिया की कोई ताकत हमें तोड़ नहीं सकती। उक्त बातें प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित जामा मस्जिद के इमाम रफीक आलम ने ईद के दौरान तकरीर में समाजजनों के बीच कही। उन्होंने कहा कि ईद रोजा रखने वालों को खुदा की तरफ से दिया गया तोहफा है। सब आपस में भाईचारा बनाकर रखें और देश के प्रति वफादार रहें। इस मौके पर हाजी बशीर आलम ,हाजी रजाक अली, मोहम्मद नूर आलम ,मोहम्मद अहमद हुसैन, डॉक्टर अंसार आलम,मो अहरार आलम, सलीम शेख,कयूम शेख,मो शाकिब महमूद, मिनहाज आलम, मोहम्मद शमशाद आलम, मोहम्मद इमरान आलम,शाकिर अली, मुंशी आलम, साहिल शेख मकबूल मियां आजाद शेख समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## मधुपुर में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुपुर :** अनुमंडल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र मैं पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल फितर मुसलमानों ने सुबह होते ही ईद की नमाज अदा करने के लिए तैयारी में जुट गए और कमेटी के द्वारा तय की गई नमाज की समय सीमा के मुताबिक लोग अपने अपने नजदीकी ईदगाह मस्जिदों मैं नहा धोकर नए कपड़े टोपी खुशबू लगाकर पहुंचने लगे और ईद उल फितर का नमाज अदा की। नमाज के बाद संयुक्त रूप से मुल्क के लिए अमन शांति भाई चारगी के लिए दुआएं की इसके बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की खुशियां बांटते हुए मुबारकबाद पेश की। वही झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, खेलकूद ,कला संस्कृति मंत्री हफीजुल हसन अपने पेटुक गांव मार्गोमुंडा प्रखंड के पिपरा ईदगाह मैं नमाज अदा की, वही जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व सांसद सलाउद्दीन अंसारी, मधुपुर मदीना मोहल्ला ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा की और प्रदेशवासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद पेश की। ईद को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहे ताकि किसी तरह की कोई घटना को अंजाम ना दे सके इसको लेकर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा जगह जगह पुलिस बल की तैनाती की गई और मनचलों पर कड़ी निगाहें जमाई रही। पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शांति पूर्वक मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की और अमन शांति के लिए दुआएं की। वही मधुपुर बड़ी मस्जिद बाजार मोहल्ला में मुफ्ती परवेज आलम मिस्बाही, मदीना ईदगाह मैं मौलाना अब्दुल हकीम साहब, लखना मोहल्ला मस्जिद में मौलाना मोहम्मद मुबाशिर उल इस्लाम नूरी, पनाह कोला मस्जिद मौलाना सद्दाम हुसैन मिस्बाही, चांदमारी मोहल्ला मस्जिद में मौलाना अजमल नूरी, और पटवाबाद ईदगाह मैं हाफिज ओ कारी मनोवर आलम ने ईद की नमाज पढ़ाई और संयुक्त रूप से मुल्क की सलामती के लिए दुआएं की गई।

## बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल बाबू वीर कुंवर सिंह समिति की ओर से शनिवार को स्थानीय वेलफेयर सेंटर में कुंवर सिंह समारोह के एक दिन पहले 22 अप्रैल को स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन दो ग्रुपों में किया गया। जिसमें जूनियर ग्रुप कक्षा पांचवीं से आठवीं तक एवं सीनियर ग्रुप में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लगभग सौ छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए । स्थानीय स्कूलों में केंद्रीय विद्यालय, कार्मेल स्कूल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम, डीवीसी +2 विद्यालय, डीवीसी मध्य विद्यालय, संत पॉल मार्डन, डीएवी स्कूल कथारा एवं स्वांग और पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया के छात्र एवं छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता के सफल प्रतियोगियों को 23 अप्रैल बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड एनके चौधरी के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में प्रसिद्ध चित्रकार सह डीवीसी कर्मी एपी मेहता एवं कुंवर सिंह समिति के अध्यक्ष सह डीवीसी के एसई शशि शेखर मौजूद थे। साथ ही विभिन्न स्कूल के चित्रकला शिक्षकों में डीवीसी मध्य विद्यालय के संतोष कुमार तिवारी, डीवीसी +2 विद्यालय के छोटेलाल, केंद्रीय विद्यालय के देवेंद्र प्रसाद, संत पॉल मॉडर्न स्कूल के निशि पांडे, डीएवी कथारा के संजय महतो, डीएवी स्वांग के अजय सिंह, पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमीया के दीपा कुमारी मौजूद रहें। 23 अप्रैल को मनाया जाएगा बाबू वीर कुंवर सिंह की 166वीं विजयोत्सव जयंती ।

## महुआ शराब बंद करने के लिए ग्रामीणों ने नीमडीह थाना प्रभारी से किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** नीमडीह थाना अंतर्गत बाड़ेदा पंचायत के बाड़ेदा गांव एवं आस-पास के क्षेत्र में देशी शराब का अवैध धंधा बंद करने के लिए ग्रामीणों ने नीमडीह थाना प्रभारी के नाम आवेदन दिया। पत्र में लिखा गया है कि बाड़ेदा व आसपास क्षेत्र में अवैध महुआ शराब की चुलाई खुलेआम चल रहा है। आये दिन शराब की बजह से पारिवारिक अशांति व मारपीट ग्राम में होता है। क्षेत्र के नवयुवक वर्ग इसकी लत में आ रहे हैं। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार आम बात हो गई है। ग्राम में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाड़ेदा के निकट ही एक शराब की भट्टी है जिसकी दुर्गंध विद्यालयों में आती हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा भी कई बार इसकी शिकायत हम ग्रामीणों को की गई परन्तु अत्यंत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अवैध शराब की भट्टी चलाने वाले लोग दबंग किस्म के लोग है, हमलोग उससे उलझना नहीं चाहते हैं। इस क्षेत्र में चल रहे सभी शराब मट्टी के नेतृत्वकर्ता अजय दास बाड़ेदा के निवासी हैं। विद्यालय के निकट चल रहे अवैध शराब भट्टी भी इनका ही है। विगत कुछ माह में शराब के कारण 08 से 10 लोगों की मौत हो चुकी है। पत्र में पंचायत के मुखिया, ग्राम प्रधान, वार्ड सदस्य, सबिता सिंह, गुरुपद सिंह, आदि 197 महिला पुरुषों का हस्ताक्षर है।

## बोकारो विधानसभा में भाजपा करेगी 100 जगहों पर मन की बात कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** आगामी कार्यक्रमों के सफलता हेतु जिला कार्यालय में बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन जिला महामंत्री जयदेव राय ने की। बोकारो जिला अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि पार्टी अथवा मोर्चा का राष्ट्रीय/ प्रदेश/ जिला/ प्रखड/ मंडल स्तर के पदाधिकारी/ कार्यसमिति के सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व प्रखड/मंडल के अध्यक्ष आदि सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओ को बूथ सशक्तिकरण अभियान के आलोक मे अपने प्रखड/मंडल के अध्यक्ष, शक्तिकेन्द्र के प्रभारी, शक्तिकेन्द्र संयोजक आदि से समन्वय स्थापित कर प्रदेश नेतृत्व के द्वारा प्रेषित फोरमेट के अनुसार 25 अप्रैल तक अपने शक्तिकेन्द्र अंतर्गत सभी बूथ समिति का गठन करवाना है, अथवा स्वंय पहल कर गठन करना है। साथ ही आगामी 30 अप्रैल दिन रविवार को 11.00 बजे से मा.प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारित होने वाला 100 वाँ संस्करण को देखने व सुनने के लिए टी.वी अथवा एलसीडी लगा कर अपने अपने शक्तिकेन्द्र/बूथ क्षेत्र मे अनिवार्य रूप से विशेष व्यवस्था करना है ।

## बेरमो कोलयांचल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**फुसरो :** मुल्क में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगकर पूरे बेरमो कोयलांचल में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई गई. मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह, मस्जिदों व करगली फुटबॉल मैदान में ईद की नमाज अदा की. करगली फुटबॉल मैदान में हाफिज एहशानुल हौदा ने लोगो को नमाज अदा करायी. धर्मावलंबियों ने नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी. साथ ही मुल्क में अमन-चैन और भाईचारा कायम रखने की दुआ मांगी. उसके बाद लच्छे-सेवइयों की मिठास का लुत्फ लेते हुए परिवार के सदस्यों सहित लोगो को ईद की मुबारकबाद दी. साथ ही अपने सगे-संबंधियों व मित्रों को फोन व वाट्सएप से बधाई देकर ईद की खुशियां साझा की. मुस्लिम धर्मावलंबियों के समाजसेवियो ने ईद की खुशी में सभी के लिए सेवई सहित अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रबंध किया था. वही करगली गेट स्थित घुटियाटांड, रहिमगंज, पुराना बीडीओ ऑफिस, भेडमुक्का, राजाबेड़ा, ढोरी स्टॉफ् क्वार्टर, पटेल नगर आदि सहित अन्य क्षेत्रों में ईद की नमाज ईदगाह या मस्जिदों में पढ़ने की परंपरा रही है, जहां हजारों लोग शरीक हुए. इस बार मस्जिदों व ईदगाहों में सामूहिक नमाज इमाम, मुआज्जिन व मुतवल्ली ने ही अदा करायी. कुछ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने घरों में ही ईद की नमाज पढ़ी. क्षेत्र में कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवियो ने मुस्लिम धर्मावलंबियों के घरो में जाकर बधाई दी- इस दौरान गिरीडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानो में एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने विस क्षेत्र के मुस्लिम धर्मावलंबियों के घर जाकर ईद की बधाई दी. मौके पर फुसरो नप उपाध्याय छेदी नोनिया, परवेज अख्तर, महारुद्र नारायण सिंह, रामदेव रविदास, जसीम रजा उर्फ गुडडू,आदि लोग मौजूद थे.

# सौहार्दपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-फितर

## ईद-उल-फितर पर्व को लेकर दिखा उत्साह का माहौल, ईदगाह और मस्जिदों में उमड़ी-भीड़







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिलेभर में ईद उल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। भाईचारे का मिसाल पेश करते हुए हर धर्म और जाति वर्ग के लोगों ने शांतिपूर्वक सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद मनाने में सहयोग दिया। प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण माहौल में ईद मनाने में सराहनीय भूमिका निभाया। ईद की नमाज अदायगी के लिए मस्जिद और ईदगाहों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम भाइयों ने खुशनुमा मौसम में ईद की विशेष नमाज अदा किया। दो रकात नमाज अदायगी के बाद इमाम ने खुतबा पेश किया। नमाजियों ने इमाम के तकरीर को गंभीरता से सुना। मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। इमाम ने ईद उल फितर पर्व और नमाज की फजीलत के बारे में बताया। पूरे महीने पाबंदी से पांच वक्त नमाज के साथ रोजा रखने वाले बंदों को अल्लाह ताला की ओर से मिलने वाले सवाब के बारे में भी बताया। इमाम ने बताया कि भूखे प्यासे रहकर जिस तरह रोजा रखा और अल्लाह का डर मन में पाला, इसे आगे भी जारी रखें। अल्लाह के प्रति अटूट विश्वास और डर मन में हमेशा बनाए रखें। पवित्र माहे रमजान में हर बुरे और गुनाहों से दूर रहकर रोजा रखा, इसका जवाब जरूर मिलेगा।

अल्लाह के प्रति विश्वास और डर ही है, जो लाख भूख प्यास महसूस होने के बाद भी चोरी-छिपे भी खाने पीने से दूर रहे। आपके मन में हमेशा यह बातें बसी रही कि रोजा के दौरान अगर आप चोरी छुपे भी कुछ करते हैं तो अल्लाह देख रहा है। आप अल्लाह से कुछ भी छुपा नहीं सकते हैं। आपके अंदर यही सोच ने नेक रास्ते पर चलना सिखाया। आप इसे आगे भी बरकरार रखें। अल्लाह की रहमत बनी रहेगी। यह भी कहा कि ईद का दिन गले लगाने का दिन है। मिलने मिलाने का दिन है। गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की खबरगिरी का दिन है। ईद के दिन मुसलमान शुक्राना अदा करने के लिए ईदगाह जाते हैं।

अल्लाह की तरफ से रोजेदारों को ईनाम और इकराम से नवाजा जाता है। यह त्योहार खुदा की तरफ से दी गयी है। मुसलमानों को चाहिए कि ईद बड़ी सादगी से मनाएं। खुशदिली का मुजाइरह करें और अपने हमवतन भाइयों और दूसरे धर्म वालों को भी अपनी खुशी में शामिल करें। ईद का त्योहार अमन, शांति और भाईचारा का पैगाम देता है। कुछ लोगों ने इस दौरान अपनों को खोया है। लेकिन अब आगे की जिंदगी आसान हो जाए इसकी दुआ की गई है। इधर ईद को लेकर मुस्लिम भाइयों में खुशी का माहौल देखा गया। युवा और बच्चों में गजब का उत्साह दिखा। पर्व को लेकर पूर्व से ही तैयारी चल रही थी। पिछले करीब एक पखवाड़े से खरीदारी और अन्य तैयारियां की जा रही थी। माहे रमजान के अंतिम सप्ताह में खुदा की इबादत के साथ ही तैयारी जोर-शोर से शुरू हुई। शुक्रवार की शाम चांद का दीदार होते ही लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोग चांद का दीदार करके खुशी से झूम उठे। इसके तुरंत बाद ही बधाई का सिलसिला चल पड़ा। अपने रिश्तेदार, आस-पड़ोस, दोस्तों को ईद की बधाइयां देने लगे। सोशल मीडिया में भी बधाई देने का सिलसिला चल पड़ा। वहीं शहर सहित ग्रामीण इलाकों में ईद के जश्न में डूबे रहे। इधर शांतिपूर्ण तरीके से ईद का पर्व संपन्न कराने में प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही। प्रशासन ने पहले से ही तैयारी कर रखा था। ईदगाह और मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदायगी को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट थी। मजिस्ट्रेट एवं पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुरुष एवं महिला बल को तैनात किया गया था। उपायुक्त वरुण रंजन एवं पुलिस अधीक्षक हृदिप पी जनार्दन पल-पल की खबर ले रहे थे। अधीनस्थ पदाधिकारियों और कर्मियों के संपर्क में थे। ईद की खुशी में किसी तरह की खलल नहीं पड़े, यही प्रशासन की कोशिश थी। इधर शांतिपूर्ण तरीके से ईद का पर्व संपन्न कराने में प्रशासन के सहयोग की सराहना हो रही है। मुस्लिम समाज के लोगों ने खासतौर पर जिला और पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया है।



## टुंडी : ईदगाहों में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई

टुंडी : टुंडी प्रखंड के बिसनीपतरा, कमारडीह, महाराजगंज, कदैया, करमाटांड, अगलीबाद, सर्रा, मछियारा, कुदाटांड, आदि । ईदगाहों में आज शनिवार अहले सुबह ईद का नमाज़ अदा किया गया। आज रोजदारों को पूरे महीने रोजा रखने एवं ईबादत करने का इनाम दिया जाने का दिन है लोगों ने कोरोना महामारी के बाद आज पहली बार नमाज पढ़ा एवं सबके लिए अमन चैन की दुआएं मांगी।



## महुदा : ईदगाह में अदा की गई ईद-उल-फितर की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा बस्ती ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अदा किया गया।

इस अवसर पर ईदगाह में महुदा बस्ती, नागदा, तेतुलिया आदि गांव के मुस्लिम समुदाय में नमाज अदा कर क्षेत्र की शांति के साथ साथ लोगो की उज्वल भविष की कमाना किया।

मौके पर भाटडीह ओपी प्रभारी अपने पुलिस दल के साथ इलाके में गस्त करते नजर आए।



## ईद में पौधारोपण के साथ पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम के लिए जागरूकता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को झरिया की सामाजिक संस्था यूथ कॉन्सेप्ट ने अच्छी पहल के साथ ईद का त्योहार मनाया। बच्चों को ईदी के रूप पौधे एवं पक्षियों का पानी घड़ा भेंट किया और छत के ऊपर पक्षियों के लिए पानी का इंतजाम करें। संस्था के संयोजक अखलाक अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों में अच्छे संस्कार लाना ताकि समाज का भला हो। विकास के नाम पर पेड़ों को काटा जा रहा है, जिसके कारण बड़ी संख्या में पक्षियों ने अपना आवास खो दिया है और साथ ही पर्यावरणीय क्षति भी हुआ है। झरिया कोयलांचल में प्रदूषण तेजी के साथ बढ़ रहा है। प्रतीत होता है कि आने वाली पीढ़ी को अब सांस लेने के लिए शुद्ध हवा तक संभव नहीं होगा। पेड़ों से निकलने वाले ऑक्सीजन शुद्ध हवा दिला सकते हैं। इसी लिए इस प्रकार के अभियान चला कर शहर वासियों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने की जरूरत है। मो अशफाक हुसैन ने कहा कि प्यासे पक्षियों और जानवरों के लिए पीने के पानी से भरे बर्तन रखे।

## गिरिडीह : विभिन्न ईदगाहों में अदा की गई ईद की नमाज एक-दूसरे से गले मिलकर दी गई ईद की बधाई

*प्रभात मंत्र संवाददाता*

*गिरिडीह : गिरिडीह के विभिन्न ईदगाहों में शनिवार को ईद उल फित्र की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। गिरिडीह में बरवाडीह स्थित ईदगाह, भण्डारीडीह, मोहनपुर, बिशनपुर लाइन मस्जिद बुढ़ियाखाद, कोलडीहा सिकदारडीह, तेलोडीह समेत विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में भी ईद की सामूहिक नमाज अदा की गई वहीं नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान ईदगाह और मस्जिदों में सजदे के बाद देश और दुनिया में शांति और खुशहाली की दुआए मांगी गई। ईद त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसे लेकर जिला प्रशासन और जिला पुलिस महकमा भी काफी मुस्तैद दिखा।*



## शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद का त्योहार



**साहेबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शनिवार को ईद उल फितर त्यौहार के मौके पर प्रातः विभिन्न ईदगाह में ईद की नमाज अता की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौक चौराहा में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राहुलजी आनंद जी एसडीपीओ राजेंदर प्रसाद दुबे टाउन थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार सहित अन्य थे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-फितर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न इलाके में ईद उल फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। हिरणपुर के हाथकाठि स्थित पहाड़ ईदगाह में शनिवार को ईद की नमाज अदा की गई। जहां बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा किया। मौलाना इस्माइल मोजाहिरी ने एकत्र लोगों को ईद की नमाज अदा कराई। इस मौके पर उन्होंने देश में शांति और खुशहाली के साथ-साथ आपसी भाईचारा, इंसानियत और दोस्ती का पैगाम दिया। साथ ही तकरीर भी पेश किया। मौलाना मोजहिरी ने तकरीर में कहा कि इस पहाड़ी ईदगाह में 1630 ई. से ईद की नमाज पढ़ा जाता है।

वहीं ईद की दूसरी जमात जमिया सल्फ़िया में भी औरतों ने भी नमाज अदा की। ईदगाह में काफी देर तक लोगों की भीड़ नजर आई और लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

उधर प्रखंड के बड़तल्ला, मोहनपुर, डांगापाड़ा, तोड़ाई, बाबूपुर, दराजमाठ आदि ईदगाह व मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। उधर बजरंगबली कमिटी मवेशी हाट के द्वारा ईद मिलन समारोह सुभाष चौक के निकट किया गया।

जहां सभी के? लिए जूस व शर्बत की व्यवस्था की गई। एक दुसरे के साथ हाथ मिलाकर व गले मिलकर ईद की बधाई दिया। वहीं पुलिस प्रशासन चौक चौराहे, ईदगाह, मस्जिदों में मुस्तैद दिखाई दिया।

# ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न, गले मिल कर लोगों ने एक दुसरे को दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रमजान के रोजे खत्म होने के बाद ईद मनाया जाता है। कोविड महामारी के प्रतिबंधों में ढील दिये जाने के बाद पहली बार ईदगाहों और बड़ी मस्जिदों में लोगों ने ईद की नमाज अदा की। धनबाद के रेलवे ग्राउंड में ईद की नमाज में पहुंचे सैकड़ों लोग पुराना बाजार जामा मस्जिद, वासेपुर के कई मस्जिदें रहीं गुलजार। इस अवसर पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये। धनबाद में आज पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ ईद मनाई गया ईद का त्योहार। वही नमाज खत्म होने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे के साथ खुशियां बाटी। वही ईद की नमाज पढ़ाने वाले इमाम ने धनबाद सहित पूरे देश की में अमन व चैन की दुआ की। वही रेलवे ग्राउंड के अलावा पुराना बाजार, जमा मस्जिद धनबाद, स्टेशन रोड शबिली मस्जिद, वासेपुर स्थित नूरी मस्जिद, शमशेर नगर ईदगाह सहित धनबाद जिले में कई ऐसे हजारों मस्जिदों में ईद की नमाजियों का तांता लगा रहा।



## उधवा में शांतिपूर्वक अता की गई ईद-उल-फितर की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उधवा :** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया. मुस्लिम समाज के लोगों ने एक साथ मिलकर ईदगाह समेत विभिन्न मस्जिदों में नमाज पढ़ी और देश में अमन और शांति एवं कौम की तरक्की के लिए दुआ की. नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी. पहाड़गांव व दरगाहडंगा स्थित ईदगाह पर नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. दरअसल,शुक्रवार की शाम चांद दिखाई देने पर मौलाना ने ईद का त्यौहार मनाए जाने का ऐलान किया था. ईद को लेकर ही कई दिन से बाजारों में बच्चों से लेकर बड़े तक सभी खरीदारी करने में जुटे रहे. वहीं प्रखंड क्षेत्र के इंग्लिश, कठहलवाड़ी, चांदशहर, पियरपुर, प्राणपुर, अमानत, खाट्टी टोला समेत विभिन्न स्थानों पर ईदगाह एवं मस्जिदों में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई. इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ईदगाह एवं मस्जिदों पर जरुरत के अनुसार पुलिस बल तैनात रहा. नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई. इसके बाद शिवई खीर और अन्य पकवान बनाए गए. वहीं क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों पर बीडीओ राहुल देव व राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार दल बल के साथ मौजूद रहे।



## सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया ईद-उल-फितर



**पाकुड़िया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड भर में शनिवार को ईद पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे के साथ मनाया। इस दौरान सभी लोगों ने ईद की नमाज अदायगी के बाद सबों के बेहतरी की दुआ की और आपस मे गले मिले। इसके उपरांत सेवइयों सहित अन्य पकवानों को अपनों एवं अपने दोस्तों को खिलाकर लुत्फ उठाया। साथ ही मेहमानों का स्वागत भी सेवई एवं मिठाई के साथ किया गया। इधर ईद के मद्देनजर विधि व्यवस्था हेतू पुलिस प्रशाशन को सुबह से ही तत्पर देखा गया। इस मौके पर जगह जगह दंडाधिकारी सहित पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। इधर प्रखंड के सारसाबांध, पालियादाहा, डोमंगड़िया, लकडापहाड़ी, राजपोखर, फुलझींझरी, धोबना, बाबुझूटी, सोरला, मोगलाबांध, ढेकीडुबा आदि अन्य गांवों से भी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ ईद पर्व मनाया गया।

## महेशपुर : ईद-उल-फितर की नमाज में देश में अमन, शांति व सद्भाव के लिए मांगी दुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**महेशपुर(निसं) :** प्रखंड अंतर्गत सभी क्षेत्रों में ईद की नमाज शनिवार को शांतिपूर्ण तरीके से अकीदत एवं एहतराम के साथ मनाया गया। ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में नमाज पढ़ी गई।वहीं प्रखंड के अभुवा गांव में लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम की गई थी। ईदगाह में नमाज अदा करने के बाद गीले शिकवे भूलकर सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। ईद के मौके पर सभी घरों में सवईयां तथा सहित विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए थे। इस संबंध में मौलाना ने कहा गरीब व मिसकिन में बेहतर तरीका से ईद मना सकें इसके लिए हमें वैसे लोगों को सदक ए फित्र दें जिनके यहां फाकाकशी हो जिन्हें कुछ भी नसीब ना हो अगर आप खुशियां मना रहे हो और आपके पड़ोसी फाका है तो आप को ईद की फजिलतें नहीं है बल्कि गुनाह मिलेंगे। इसलिए गरीबों को बिल्कुल ख्याल रखें तभी इबादत कबूल होगी। अच्छा कपड़ा पहनना सुन्नत है इसलिए एहसास हो कि हम ईद का त्यौहार मना रहे हैं।

प्रभात मंत्र

झारखण्ड

रांची, रविवार, 23 अप्रैल 2023 | पेज 7

## संक्षिप्त खबरें

### बाल-विवाह की रोकथाम जरूरी,कानून का हो सख्ती से पालन : साथी



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ में ईद-उल-फितर एवं अक्षय तृतीया के सुअवसर पर आज स्वयं सेवी संस्था साथी एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फॉउंडेशन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत पर ऑन लाइन राष्ट्रीय परिचर्चा एवं विमर्श का आयोजन किया गया । इस अवसर पर जुटे गैरसरकारी संगठनों ने सरकार से एक सुर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने और मौजूदा कानून को सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील कर सरकार से बाल विवाह निषेध कोष बनाने और 18 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान करने की भी माँग की । बताया गया कि यह राष्ट्रीय परिचर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है,क्योंकि भारत में बालविवाह का आयोजन ज्यादातर अक्षय तृतीया तथा ईद के अवसरों पर होता है ।परिचर्चा के बाद बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के विषय पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए स्वयं सेवी संस्था साथी के कार्यक्रम प्रबंधक कालेश्वर मंडल ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फॉउंडेशन देह के विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के साथ मिलकर पिछले 16 अक्टूबर को बाल विवाह उन्मूलन को लेकर दुनिया के सबसे बड़े जमीनी आंदोलन की शुरुआत की है ।कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फॉउंडेशन के बैनर तले जुटे गैरसरकारी संगठन इस बात सहमत है,कि देश मे भले ही बाल विवाह कराने वाले लोगो को दंडित करने के लिए विशेष कानून अर्थात बाल विवाह निषेध अधिनियम है,फिर भी बाल विवाह को समूल नष्ट करने के लिए वर्तमान कानून को संशोधित कर मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही मौजूदा कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की जरूरत है । श्री मंडल ने कहा कि बाल विवाह मुक्त हज़ारीबाग बनाने के लिए आगामी समय मे हज़ारीबाग में भी कई जागरूकता गतिविधियों के साथ आमजन को जागरूक किया जायेगा ।इसके साथ एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है,कि वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाना है,और इसके लिए गैरसरकारी संस्थाओं ने कई प्रकार के उपायों पर बात की है ।कानून के सम्बंध में कई अनुशंसाओ पर बात की गई,जिनमे वर्त्तमान कानूनो का कड़ाई से क्रियान्वयन, कड़े दंड के साथ कानून में संशोधन आवश्यक, रिपोर्टिंग और अधिकारियों के उत्तरदायित्व सम्मिलित है ।इस परिचर्चा में निर्णय लिया गया कि सरकार एवं राजनीतिक दलों से यह अपील की जाय कि मुफ्त शिक्षा की आयु 18 वर्ष तक कर दें ।इससे बाल विवाह रोकने में मदद होगी ।सुझाव में यह भी निकालकर आया कि बाल विवाह रोकने वाले संस्थानों को मज़बूत किया जाय एवं अधिकारियों को ज्ञान एवं क्षमता निर्माण पर कार्य किया जाय ।मौके पर धार्मिक नेताओं को अभियान से जोड़ने पर सहमति बनी जो अपने समुदाय के लोगो को समझा सकेंगे कि वह बच्चो का कम उम्र में विवाह ना करें। साथ ही सरकार से एक विशेष बाल विवाह निषेध कोष बनाने की भी माँग की गई ।

### जिंदल पैंथर क्रिकेट कप 2023 का समापन




**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिंदल स्टील प्लांट पतरातू परिसर में खेले जा रहे नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का कल समापन हुआ ,अंतिम फाइनल मुकाबला डब्लूआरएम वारियर्स और बीआरएम स्मैशर्स के बीच खेला गया ,बेहद रोमांचक मैच को डब्लूआरएम वारियर्स ने 21 रनो से जीत लिया ,101 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए बीआरएम स्मैशर्स की टीम 12 ओवर्स में मात्र 80 रनो का ही स्कोर बना पायी,वारियर्स के आशीष अंकित मैन ऑफ़ डी मैच हुए उन्होंने बैटिंग में 29 रन्स और बोलिंग में 2 विकेट लेकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।महिला फाइनल मैच में स्टील मेकर्स ने हाउस मेकर्स की टीम को 8 विकेट्स से हराकर मैच जीत लिया, 32 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टील मेकर्स ने 4 ओवर्स में आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लिया ,स्टील मेकर्स की प्रियंका को अपनी आतिशी बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ़ डी मैच का ख़िताब मिला उन्होंने 8 गेंदों में 21 रनो का महत्पूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि जेएसपी प्लांट प्रमुख आर के अजमेरिआ और उनकी धर्मपत्नी नंदा ने टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। बीआरएम के मुकेश महतो को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशन के लिए मन ऑफ़ डी सीरीज के ख़िताब से नवाज़ा गया .प्लांट प्रमुख अजमेरिआ ने सभी विभागों और विशेषकर महिला टीमों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बधाई दी उन्होंने बताया की जिंदल स्टील महिलाओ के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है ,अपने मार्गदर्शन में उन्होंने ऑफिसर्स क्लब को इस तरह की और भी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए प्रेरित किया साथ ही टॉप मैनेजमेंट द्वारा हर तरीके से सहयोग देने का भी विश्वाश दिलाया । उन्होंने जेएसपी की पालिसी बेटर देन बिहपुर का उदहारण देते हुए सभी लोगो को अपने जीवन में डिसिप्लिन, अच्छे सवास्थ्य और जीवन में नए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।समापन समारोह में ऑफिसर्स क्लब के सभी मेमबर्स मौजूद थे,सुभाष सरन,संतोष कुमार ,रुपाली झा,अल्केश पटेल,संदीप आर्य ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में महत्पूर्ण योगदान दिया।

## जीतराम बेदिया के शहादत की कहानी बयां करते गगारी के घोड़ा गड्ढा : जयराम बेदिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अमर शहीद जीतराम बेदिया का जन्म 30 दिसंबर 1802 ई को रांची जिला अंतर्गत ओरमांझी प्रखंड के खंगाली गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम जगतनाथ बेदिया एवं माता का नाम महेश्वरी देवी था। इनके पिता भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ थे। अपने पिता के मृत्यु के बाद जीतराम बेदिया ने घुम घुम कर लोगों को संगठित किया और अंग्रेजी के खिलाफ लड़ाई छेड़ दी। उनकी बहादुरी,सुझ,



बुझ संगठनिक क्षमता से यहां के जनता काफी प्रभावित था। अमर शहीद जीतराम बेदिया ने गांव घुम घुम कर यहां के लोगों को अंग्रेजी हुकूमत को नहीं मानने ओर अंग्रेजी के खिलाफ अंतिम दम तक लड़ने का ऐलान किया था। 23 अप्रैल 1858 ई को गगारी ओर खंटगा गांव के बीच मेज़र मेकडोनालड ओर उनकी मद्रासी फौज ने जीतराम बेदिया सहित उनके लड़ाकू साथियों को घेर लिया था। लेकिन जीतराम बेदिया आत्मसमर्पण करने से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ जिसमें घोड़ा सहित को मार दिया गया। जिसमें जीतराम बेदिया शहिद हो गया।

## धूमधाम से मनाई गई ईद, मांगी गई देश के लिए दुआएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड क्षेत्रों में ईद उल फितर का त्योहार शनीवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।लोग नये कपड़े पहनकर ईदगाह व मस्जिदों में पहुंचे नमाज अदा की व अमन चैन की दुआएं मांगी। प्रखंड के कराँजी, जराटोली, चचकोपी, केशा, घाघरा, हाठू, बिल्टी, नरकोपी सहित मुस्लिम गांवों के मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल फितर का नमाज अता किया गया। ईदगाह में नमाज के मौके पर मौलाना ने बताया कि धैर्य और सौहार्द का नाम ही ईद है। पवित्र



रमजान माह में पूरे धैर्य के साथ धार्मिक नियमों का पालन करते हुए प्रतिदिन रोजा रखना धैर्य ही है। इस त्याग और बलिदान के पश्चात ही महीने के प्रथम दिन ईदगाह में नमाज अदा कर हम ईद की खुशियां मनाते रहे हैं। गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की खबरगिरी का दिन है। अल्लाह की तरफ से रोजेदारों को ईनाम और इकराम से नवाजा जाता है। ये त्योहार खुदा की तरफ से दी गयी है। ईद का त्योहार अमन, शांति और भाईचारा का पैगाम देता है।

## पतरातू क्षेत्र में नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखने के बाद क्षेत्र के मुस्लिम धर्मलंबियों ने अंतिम दिन नया चांद देखकर ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया। लोग रमजान के दिन काफी उत्साह में नजर आए और समय पर मस्जिदो में ईद की नमाज अदा करने पहुंचे।वहीं लोग आपसी बैर-भाव भूलाकर एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दिये।

## हेसला में भाकपा माले पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 54 वां वर्षगांठ मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** भाकपा माले की 54 वां पार्टी वर्षगांठ के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ प्रखंड के ग्राम हेसला में स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर कामरेड चारू मजूमदार और पार्टी के सभी संस्थापक नेताओं सहित सभी साथियों को क्रांतिकारी श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिन्होंने 54 सालों में पार्टी को मजबूत बनाने और क्रांतिकारी आंदोलन को आगे की गति देने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। इस मौके पर



उपस्थित साथियों ने पार्टी स्थापना दिवस पर पार्टी ब्रांचों को सुदृढ़ करने और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। आरएसएस ,भाजपा के फासीवादी आक्रमण के खिलाफ जनता को संगठित और पार्टी को मजबूत कर विरोध का स्वर बुलंद करने का भी संकल्प लिया गया। सभी शहीदों और दिवंगत साथियों को लाल सलाम। भाकपा माले को मजबूत करो और जनता की व्यापक फासीवाद विरोधी एकता का निर्माण करो। हम लड़ेंगे, जीतेंगे!! आदि नारे लगाए गए। इस अवसर पर सरयू बेदिया, महादेव राम, लाल कुमार बेदिया, लाला बेदिया, सरजू बेदिया, फूलचंद करमाली, विजय प्रजापति, प्रकाश बेदिया, जगदीश बेदिया, कमलेश प्रजापति, रतन बेदिया, तनु राम, रूपलाल बेदिया, प्रेमचंद बेदिया,छोटन मुंडा, आलोक ठाकुर, शंकर ठाकुर, बसंत प्रजापति, रघुनाथ बेदिया,प्रकाश राम, शिंकू प्रजापति, भीम प्रजापति अन्य दर्जनों लोग थे।

## ईद उल फितर त्योहार नहीं मोहब्बत की मीनार है : इमाम मोहिबुल्लाह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** ईद उल फितर त्योहार नहीं मोहब्बत का मीनार है। ईद के दिन रोजा रखना हराम है खुदा अपने तमाम नेक बंदों को अपनी खुसूसी नेमतों से नवाजा है और जहां जहां भी मुसलमान मिलते हैं बड़े जोश वो खरोश के साथ ईद की मुबारकबाद देते हैं। ईद का हमसे तकाजा है इस पर गौर करना चाहिए ईद नफरतों को मिटाने और मोहब्बतों पर परवान चढ़ाने का नाम है हमारा मुल्क गंगा जमुनी तहजीब का मुल्क है सब की हिफाजत



करना हम सबकी जिम्मेदारी है और मुल्क से नफरतों को मिटाने का नाम ईद है इस मुल्क में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में मिल जुल कर रहते हैं और सारे मजाहिब के लोग इस ईद की खुशी में शामिल होते हैं जिससे इस त्यौहार में चार चांद लग जाता है और ईद का इस वक्त यही तकाजा है।

## चापाकल खराब होने से पीने के पानी की किल्लत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव कार्तिक चन्द्र महतो ने लोटा पंचायत के गांव बांधडीह के बनधार एवं लोटा गाँव का दौरा किया एवं गाँव मे लगे चापाकल खराब की जानकारी ली। बनधार निवासी मेघनाथ महतो ने बताया कि उनके घर के सामने लगा चापाकल एक महीने से खराब पड़ा है। इस कारण सिंचाई कुआं का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। लोटा निवासी परमानन्द महतो ने बताया की उनके घर के पास में लगा चापाकल तीन महीने से बंद पड़ा है। जलदाय विभाग सिल्ली को सूचना देने के बाद



भी अभी तक चापाकल को ठीक नहीं किया गया है। जिसे पीने के पानी के लिए अत्यधिक परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। लोटा बांधडीह निवासी राजनाथ महतो के घर के पास में भी लगा एक चापाकल की स्थिति भी खराब है।उक्त बातों की जानकारी रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सचिव कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है।

## ब्रह्मऋषि समाज हजारीबाग ने हर्षोल्लास मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर शनिवार को स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संस्थान (ब्रह्मऋषि समाज), हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के दिपुगढ़ा गोलंबर चौक के समीप ब्रह्मऋषि समाज के मुकेश कुमार के आवासीय परिसर में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। यहां बड़ी संख्या में जुटे ब्रह्मऋषि समाज के लोगों ने एक- एक करके भगवान परशुराम की तस्वीर पर पुष्पार्पण कर नमन किया। इससे पूर्व समाज के वरिष्ठ जनों ने फुल माला पहनाकर और दीया जलाकर पुजा-अर्चना कर भगवान परशुराम को याद किया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ जनों ने



भगवान परशुराम के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और उनके जीवन से सभी ने सामूहिक रूप से प्रेरणा लेने का संकल्प भी लिया । मौके पर ब्रह्मऋषि समाज, हजारीबाग के संस्थापक अध्यक्ष सह आरएलजेपी के प्रदेश प्रधान महासचिव मुकेश कुमार ने कहा की परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बली, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है जिन्हें कलयुग तक अमर माना जाता है। उन्होंने कहा की भगवान परशुराम के बचपन का नाम राम भी माना जाता है। कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा की भगवान परशुराम वीरता के साक्षात उदाहरण थे। भगवान परशुराम त्रेता युग और द्वापर युग से अमर हैं। त्रेता युग के दौरान रामायण में तथा द्वापर युग के दौरान महाभारत में इनकी अहम भूमिका रही है। मौके पर विशेषरुप से कटकमसांडी अंचल के अंचल अधिकारी अनिल कुमार सिंह, संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव कन्हैया शर्मा, प्रवक्ता डॉ. आनंद शाही, सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, दिनेश्वर सिंह, अजय शर्मा, स्वर्ण समाज के अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह, विनोद सिंह, विजय सिंह, लक्ष्मण तिवारी, प्रभात कुमार सिंह, अर्जुन सिंह (अमीन), अभिमन्यु सिंह, बीएस ठाकुर, अजय शर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, संतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### अमन चैन की दुआ मांग एक दूसरे को दी बधाई



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी क्षेत्र मे शनिवार को ईद-उल- फितर का त्यौहार बड़ी धुमधाम से मनाया गया! क्षेत्र के मस्जिदों को बहुत ही खुबसुरत रंग बिरंगी लाईटों से सजाया गया! मुरी सिल्ली के विभिन्न मस्जिदों मे ईद की नमाज़ अदा की गई! सुबह से ही मस्जिदों मे ईद की नमाज़ अदा करने की भीड़ जमी रही! इस दौरान नमाजियों ने अमन चैन के साथ आपसी भाईचारे की दुआ मांगी! नमाज़ अदा करने के बाद नमाजियों ने एक दुसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दिया! ईद त्यौहार को लेकर बच्चे भी काफी खुश थे! सुबह से ही नहा धोकर नए कपड़े पहन सर पर टोपी लगाकर मस्जिद पहुंचे और ईद की नमाज़ अदा किया! एवं महिलाएं भी अपने अपने घरों पर ईद की नमाज़ अदा की नमाज़ अदा करने के बाद एक दूसरे को ईद की बधाइयाँ दिया! त्यौहार को लेकर कई जगह दावतों का दौर चलता रहा! एक दुसरे के घर जाकर सेवइयां का लूफ्त उठाया! दिनभर एक दुसरे के घर आने जाने का हुजूम लगा रहा!ईद के त्यौहार में सभी समुदाय के लोग शामिल होकर भाईचारे का संदेश दिया!ईद त्यौहार को लेकर क्षेत्र मे प्रशासन भी चौकस रही।

### अरगड्डा के ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज हुई अदा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के ईदगाह में शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल फितर की नमाज एक साथ पढ़ी। लोगों ने ऊपर वाले से हाथ उठाकर पूरे मुल्क की सलामती के लिए दुआएं मांगी। साथ ही अपने क्षेत्र और परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहे इसके लिए भी गुजारिश किया। सभी ने ईद की एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने त्योहार को लेकर नए कपड़े पहन रखे थे। लोगों ने एक दूसरे को अपने घरों पर दावत के लिए बुलाया। शांतिपूर्ण तरीके से ईद लोगों ने मनाया।

### धूम धाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**हज़ारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अंतर्गत कटकमदाग प्रखण्ड के ग्राम मेयातु में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के बैनर तले कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष विनय दुबे के नेतृत्व में धूम धाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया । विनय दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि दादा परशुराम का जन्मोत्सव हम लगातार वर्षो से मनाते आ रहे हैं , आज के इस अवसर पर मेयातु , सुल्ताना , नावाडीह , व बेंदी ग्राम के बन्धु उपस्थित हुए , समाज मे फैले कुरीति कुप्रथा पर हम मजबूती से काम कर रहे हैं , और आगे भी करते रहेंगे । संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल कुमार पाण्डेय ने युवाओ से आह्वाहन करते हुए कहा कि आप सब सरकार से लड़ने के लिए तैयार हो जाये परशुराम जन्मोत्सव पर सरकार छुट्टी नही देती है जो हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है , जल्द ही हम रणनीति बना कर आगे आंदोलन करेंगे ।

## विष्णुगढ़ में ईद-उल-फितर भाईचारगी के साथ मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आखिरी जुमे की नमाज के पश्चात शुक्रवार को रात्रि में एक महीने की इब्बादत्त के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों को रात में चांद नजर आया। चाँद दिखने के बाद शनिवार को विष्णुगढ़ प्रखण्ड के तमाम पंचायतो में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में जाकर ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर अल्लाह की इबादत्त की और एकदूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। विष्णुगढ़ प्रखण्ड में हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए तमाम इफ्तार पार्टियों में हिंदुओ ने शिरकत की और आपसी भाईचारगी पेश की । ईद-उल-फितर की शान्ति व्यवस्था पर बात करते हुए विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा ईद-



उल-फितर पूरी तरह से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया, जिसके लिए विष्णुगढ़ की जनता बधाई की पात्र है । मेरी तरफ से तमाम मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद-उल-फितर की मुबारकबाद । विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ने ईद-उल-फितर पर विष्णुगढ़ प्रखण्ड वासियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि ईद खुशी बॉटने का त्योहार है।मैं अपने अल्लाह से अपने प्रखण्ड वासियों की खुशी एवं तरक्की की कामना करती हूँ। विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने प्रखण्ड वासियों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ऐसी भाईचारगी हमेशा कायम रहे यही मेरी अल्लाह और ईश्वर से प्रार्थना है ।

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं कैनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में शनिवार को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के द्वारा रूडसेट संस्थान सिल्ली में दीप प्रज्वलित कर विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। रूडसेट संस्थान में चल रहे 30 दिवसीय दो प्रशिक्षण कार्यक्रम ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट एवं टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों को विश्व पृथ्वी दिवस के महत्व को समझाते हुए पर्यावरण को किस तरह हम संरक्षण कर सकते हैं एवं उससे हमें क्या फायदे होंगे और पृथ्वी को हम किस तरह बचा सकते हैं इससे जुड़े विभिन्न विचारों




को उन्होंने प्रस्तुत किया और संस्थान में विभिन्न प्रकार के वृक्षारोपण किए और प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को बताएं कि इस वृक्ष से हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है जिससे हमें नई जीवन मिलती है। इसलिए हम सभी मनुष्य को हमेशा वृक्षारोपण करते रहना चाहिए जिससे हमारे आस पास के वातावरण प्रदूषित ना हो और पृथ्वी पर जीव जंतु एवं मनुष्य सुरक्षित रहे!रूडसेट संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के महत्त्व एवं आगे बढ़ने का बहुत सारे गुण एवं आत्मविश्वास के साथ अपना स्वरोजगार करने का संदेश दिए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए!इस मौके पर रूडसेट संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार,जगदीश चंद्र , महतो दशरथ कुमार महतो ,महेश रोहिदास,रामाशंकर यादव , अष्टमी देवी ,सुनील कुमार मुंडा , सभी उपस्थित रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# सर्वजन पेंशन योजना

## के तहत 3 वर्ष में तीन गुणा वृद्धि

सर्वजन पेंशन योजना का उद्देश्य ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाना है। इस योजना के तहत अतिरिक्त 15 लाख बुजुर्ग, विधवा, एकल और परित्यक्त महिला, दिव्यांग, आदि को जोड़ते हुए अबतक 21.61 लाख लाभुकों को आच्छादित किया गया है तथा छूटे हुए सभी योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में सर्वजन पेंशन योजना के लिए ₹2,130.88 करोड़ का प्रावधान किया गया है।




## क्या कहते हैं लाभुक



पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले एक साल से पेंशन मिल रहा है। पेंशन बैंक खाते में प्राप्त हो रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। साथ ही कई अन्य जरूरतों को पूरा करती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।

**संगीता देवी, तोपचांची, धनबाद**



पेंशन की राशि से मेरी छोटी मोटी जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार सभी लोगों को सक्षम बना रही है, बुजुर्गों को पेंशन दे रही है, इससे अच्छा और क्या होगा? चाय पानी के लिए बच्चों से पैसा नहीं लेना पड़ता। बुजुर्ग अब बोझ नहीं होंगे। पहले दौड़ भाग कर के भी पेंशन नहीं मिला। अब घर बैठे मिल गया है, इसकी खुशी ज्यादा है।

**रजनीकांत आचार्य, उत्तरी इचड़ा पंचायत, पूर्वी सिंहभूम**

इंञ मिलोती देवी इंञ रेन जमाय ञतुम कांता प्रसाद मांझी, आतु बूढ़ीडीह पंचायत करमाटांड़ प्रखण्ड चंद्रापुरा जिला बोकारो रेन ताहेन काना। आतु पंचायत रेन जनता दरबार हुय लेना, उन रे जनता दरबार रे बी0डी0ओ0, सी0 ओ0, मुखिया, आतु सेवक सनाम हेअ लेना अनको सनाम गी इंञ मिता आदिइंञ। पेंशन फारम हो भरा कतिञ। में आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर इंञ पेंशन हो ञाम इदिञ आर उना पैसा ते आयमा भाली हुयूआ उना पैसा ते मौका घडीञ गिदरा आह किताब, कलाम, कापी किरीञ लिगीत इमा कुकाना जहा बंचा उना पैसा ते तेल साबुन हताह इदा जहा सहायता लिगीत ते सरकार हेमन्त सोरेन आ आयमा आयमा सराहाव।



**मिलोती देवी, ग्राम बूढीडीह, पंचायत करमा टांड, प्रखण्ड चंद्रपुरा, बोकारो**



कुछ माह पूर्व से ही पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। पहले कई बार पेंशन योजना से लाभान्वित होने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रिक्ति खाली होने पर योजना से जोड़ने की बात अधिकारी कहते थे। लेकिन सर्वजन पेंशन योजना शुरू होने से मुझे योजना का लाभ मिलने लगा। अभी मैं काफी खुश हूं। राज्य सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त बेटा को इसके लिए धन्यवाद देता हूं।

**तारा सिंह, जर्मन कॉलोनी, बोकारो**

विवाह से 2-3 वर्ष के पश्चात अपने पति से अलग हो गई। जिसके बाद से मैं अपने पिता के साथ ही उनके घर में रह रही हूं। आर्थिक रूप से सहायता के लिए मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया। पेंशन योजना की स्वीकृति मिली और अब पेंशन का लाभ मिल रहा है। मेरे जैसी सैकड़ों निराश्रित महिलाओं के लिये यह सहारा है, जिससे हमें जीवन यापन करने में सरकार से सहयोग प्राप्त हो रहा है।



**चंदा कुमारी, नगर उंटारी प्रखंड, गढ़वा**



पेंशन लेवे में कोनो परेशानी नखे। प्रतिमाह सरकार हमर बैंक खाता में पेंशन कर राशि भेज देव थे, जेकर उपयोग हम अपन रोज रोज कर छोट-मोट खर्च ले कर थी। सरकार कर ई योजना के लागू होवे से हम बहुत खुश ही, काहे से कि इकर ले सरकार ने बीपीएल श्रेणी कर मांग के हटाय देलक।

**सीता देवी, भण्डरा, लोहारदगा**



साबेन् को जोहार। अयाह् नुतुम सरस्वती लामाय, अनाह् हो वा: नुतुम्- स्व० सिद्धेश्वर बोयपाई, हातु- सोसोपी, पंचायत- तोन्डांहातु, प्रखण्ड- जगन्नाथपुर, जिला- प० सिंहभूम। आले हातु रे जनता-दरवार होवा-लेना। एनते मुखिया को, ग्राम सेवक, तेको कजीयाञ तनड: च् ञिम् रान्डी-अम्बारोब एना् एनते पेंशन रेय: फॉर्म् पेरे:म् को मेताञ् तना:। फॉम को पेरे: केड़ा एनते न:अ छ: महिना होबायना गेया। पाँच तारीख तक रे पोयसा बेटान तना गेया, एन ते पोयसा: छुडावए तन गेया्: । एन तें, सरकार के ञेन लाभ एमाडीञ ते इसु रान्सा: होवायेना। एन् ते नेन पोयसा: तेगे नाह: सुनुम साबुन च: होन पड़ाव इची ताई ऐ:। सरकार नेलेकान लाभ को आन्डो एमा ले: रे दो एसु रान्सा रेया: काजी। ञेन हेमन्त सोरेन सरकार के ईकिर जीवोन त् जोहार।

**सरस्वती लामाय, जगन्नाथपुर, पश्चिमी सिंहभूम**



बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे अपने परिवार का पालन पोषण करने में काफ़ी कठिनाई हो रही थी। कुछ माह पूर्व मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभ हेतु आवेदन जमा किया था मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा है। पेंशन मिलने से परिवार का पालन पोषण करने में मदद मिल रही है।

**महेंद्र प्रसाद, नगर पंचायत, लातेहार**



मैं एकल महिला हूँ। मेरे परिवार में कोई सदस्य नहीं है। खुद का पालन पोषण करने में कठिनाई होती थी। मुझे मुखिया द्वारा सर्वजन पेंशन योजना का पता चला। इसके लिए मैंने फॉर्म भरा, तो आज मुझे पेंशन का पैसा मिल रहा है, जिससे जीवन अच्छा चल रहा है। मैं हेमन्त सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद और जोहार करती हूँ।

**फरीदा बेगम, ग्राम पंचायत तमाड़, रांची**



सर्वजन योजना लागू होने के उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत लाभ मिला। आज खुद को सबल महसूस कर रहा हूं। दिव्यांग होने के कारण मैं अपने आप को उपेक्षित महसूस करता था, परंतु प्रखंड कार्यालय में पेंशन हेतु आवेदन करने के दो दिवस उपरांत मुझे नि:शक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का लाभ मिला। तब से प्रत्येक माह मुझे पेंशन के रूप में ₹1000 प्राप्त होने लगा और मुझे अपने जीवन यापन में काफी सहूलियत होने लगी।

**गणेश बानरा, डालियामिचा पंचायत, चाईबासा**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO-295760 (IPRD) 23-24